**आज का मौसम**

गर्मी से अभी राहत की उम्मीद नहीं है। दोपहर में चलेगी लू

45.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान

# वाराणसी से प्रियंका लड़ती तो मोदी हार जाते : राहुल गांधी

## लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार रायबरेली पहुंचे राहुल-प्रियंका, आभार सभा में राहुल बोले- रायबरेली और अमेठी से वर्षों पुराना नाता है हमारा

संवाददाता, रायबरेली



भुएमऊ में सांसद राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी।



समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सांसद राहुल गांधी।



भुएमऊ में आयोजित समारोह में मौजूद पार्टी पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार**। आभार सभा में हिस्सा लेने के लिए, सांसद राहुल गांधी मंगलवार दोपहर रायबरेली पहुंचे। उनके साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी थीं। लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद दोनों नेताओं का यह पहला दौरा है।

भूएमऊ गेस्ट हाउस में आयोजित आभार सभा में राहुल गांधी ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या सीट हार गई। न केवल अयोध्या में, बल्कि प्रधानमंत्री ने वाराणसी में भी अपनी जान बचाई है। अगर मेरी बहन प्रियंका गांधी ने वाराणसी से चुनाव लड़ते का फैसला लिया होता तो आज भारत के प्रधानमंत्री 2-3 लाख वोटों से वाराणसी का चुनाव हार जाते। सभा में राहुल गांधी ने रायबरेली और अमेठी की जनता का आभार जताया है।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेठी में किशोरी लाल शर्मा को, रायबरेली में मुझे और उत्तर प्रदेश में भारतीय गठबंधन के सांसदों को जिताया है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपने राजनीति बदल दी है। बीजेपी और पीएम मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे देश में जनता ने देश के प्रधानमंत्री को संदेश दिया है कि अगर उन्होंने संविधान को छुआ तो देखिये लोग उनका क्या हाल करेंगे।

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह पहली बार हुआ है की गठबंधन के प्रत्येक कार्यकर्ता ने मजबूती के साथ चुनाव लड़ा एक-एक कार्यकर्ता ने पूरी जान लगा दी एक इंच भी पीछे नहीं हटे। आभार सभा के मंच से एक बार फिर उन्होंने रायबरेली को अपने पारिवारिक रिश्तों से जोड़ते हुए कहा कि यहां से हमारा पारिवारिक रिश्ता है। राजनीति में सबसे पुराना, वर्षों पुराना नाता है। यह रिश्ता सबसे पहले रायबरेली और अमेठी के खेतों से शुरू हुआ था। राहुल बोले इस चुनाव में देश के किसानों और नौजवानों ने जो बदलाव किया है, आगे उसके परिणाम सार्थक होंगे।

राहुल के पहुंचने से पूर्व पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर राहुल और प्रियंका का स्वागत किया। राहुल गांधी ने दो लोकसभी सीटों से चुनाव लड़ा था। उन्होंने केरल की वायनाड के साथ-साथ यूपी की रायबरेली से भी चुनाव लड़ा था। रायबरेली से इससे पहले सोनिया गांधी चुनाव लड़ती रही हैं।

आभार सभा में राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, केसी वेणुगोपाल, अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, रायबरेली जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, अमेठी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल,सपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव,विधायक श्याम सुंदर भारती,राहुल लोधी, सुशील पासी, दीपक सिंह पूर्व एमएलसी, शत्रोहन सोनकर पालिका अध्यक्ष, पूर्व विधायक पंजाबी सिंह, पूर्व चेयरमैन इलियास, विजय शंकर अग्निहोत्री, आरपी यादव, अतुल सिंह, शैलजा सिंह, यूथ अध्यक्ष मोहित मौर्य, मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी, प्रवक्ता महताब सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हम आपके लिए काम करते रहेंगे : प्रियंका गांधी

आभार सभा में प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली और अमेठी के एक-एक कार्यकर्ता, नेता और आप सबको दिल से बहुत-बहुत बधाई। आपने कठिन से कठिन परिस्थिति में लड़ाई लड़ी। इस चुनाव में सबने बहुत मेहनत की। मेरे समाजवादी पार्टी के सभी साथियों ने एकजुटता दिखाकर ये चुनाव लड़ा। हमने यहां एक सेना बनाई और आपकी मजबूती से हमने रायबरेली और अमेठी में जीत हासिल की। आपने पूरे देश में ये संदेश भेजा कि हमें देश में एक सच्ची और समर्पित राजनीति चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक जीत थी। हमने इस परिणाम के लिए दिन-रात काम किया है। उन्होंने राय बरेली और अमेठी की जनता को बधाई देते हुए कहा कि मेरे बड़े भाई को जिताने के लिए रायबरेली की जनता की आभारी हूं कि आपने हमारे लिए जो उत्साह दिखाया है, उससे दोगुने उत्साह के साथ हम आपके लिए काम करते रहेंगे।

### राहुल- प्रियंका ने दोनों जिलों से बताया रिश्ता

रायबरेली-अमेठी में मिली जीत के बाद आभार सभा के जरिये राहुल गांधी व प्रियंका ने एक बार फिर दोनों जिलों के लोगो के बीच अपने परिवारिक रिश्तों को जाहिर किया है। दोनों के गेस्ट हाउस पहुंचते ही कार्यकर्ताओ का जोश 7वें आसमान पर रहा। दोपहर बाद से गेस्ट हाउस में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ का पहुंचने का सिलसिला शुरू जो थोड़ी देर में ही कार्यकर्ताओ से भर गया।

## एक नजर

### शराब के नशे में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के लालगंज रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर 175सी गेट पर सोमवार रात 9 :20 पर दुर्गियाना एक्सप्रेस जोकि लुधियाना से कोलकाता तक चलती है। लखनऊ की ओर से जब रायबरेली की ओर जा रही दुर्गियाना एक्सप्रेस जैसे ही रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंची की एक 30 वर्षीय युवक अचानक शराब के नशे में ट्रेन के आगे हाथ हिलाने लगा। गेटमैन हनुमंत प्रसाद ने युवक को आवाज दी और हटाने का प्रयास किया, परंतु तब तक ट्रेन ने युवक को टक्कर मार दी, जिसमे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गेटमैन की सूचना पर पहुंचे आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरपीएफ चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर युवक की पहचान कराई जा रही है।

### घर से नकदी व जेवरात चोरी

**सरेनी, रायबरेली।** सोमवार की रात को छत से आंगन में उतरे चोरों ने ढाई हजार की नकदी व लाखों के जेवर पार कर दिया। पीड़ित ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर दे दिया है। थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के रहने वाले बृजराज सिंह पुत्र स्व. विजयपाल सिंह के घर में बीती रात चोर छत से आंगन में आ गए और कमरों को खोलकर बक्सों में रखी 2500 की नगदी व जेवर पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दिया है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**डलमऊ, रायबरेली।** मोटर साइकिल की टक्कर से साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। सलोन रोड मुराई बाग के रहने वाले आयुष कुमार पुत्र संतोष कुमार (16) साइकिल से अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी मुराई बाग तिराहे के पास तेज रफ्तार मोटर साइकिल सवार ने साइकिल में टक्कर मार दिया, जिससे आयुष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां पर उपचार किया जा रहा है।

### तीन लोगों ने युवक को पीटा

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पूरे परसा में दरवाजे पर बढ़कर खड़ंजा लगाने से मना करने पर तीन लोगों ने पिटाई कर दी। पीड़ित ने थाने में नामजद तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। मंगलवार को पूरे परसा गांव निवासी शिव मूर्ति ने बताया कि तीन लोग खड़ंजा लगा रहे थे। उसके दरवाजे की तरफ बढ़ाकर लगा रहे थे। जब इस बात का विरोध किया तो तीनों लोगों ने मिलकर उसके पिता देवनाथ की पिटाई कर दी। घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। थानेदार बबिता पटेल ने कहा कि मारपीट की तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

### सरेनी क्षेत्र में नहीं थम रही हैं चोरी की घटनाएं

**सरेनी, रायबरेली।** लगातार क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देकर चोर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं और पुलिस है कि सिर्फ तमाशाई की भूमिका अदा कर रही है। बेखौफ चोरों ने बीती रात एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी समेत लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। पीड़ित ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर दिया है। थाना क्षेत्र के मदनापुर मजरे पाठकखेड़ा गांव के रहने वाले बृजराज सिंह के घर बीती रात चोर छत से आंगन में आ गए और कमरों को खोलकर बक्शों में रखी 2500 रुपये की नगदी व लाखों के जेवरात पार कर दिया। वहीं पुलिस का कहना है की घटना की जांच की जा रही है।

# बिजली की मांग बढ़ने पर ऊंचाहार की इकाई बंद

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार**। सम्पूर्ण उत्तर भारत में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट क्षमता की दो नंबर यूनिट में तकनीकी खराबी आ गई है, जिससे इस यूनिट को बंद करना पड़ा है। इसके बंद होने से देश के नौ राज्यों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है।

इस समय पूरा उत्तर भारत गर्मी के कारण तप रहा है। जिससे बिजली की मांग बढ़ी हुई है। राज्य सरकारें उपभोक्ताओं की सहूलियत के लिए अधिक बिजली खरीद रही है। ऐसी दशा में एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या दो फिर तकनीकी खामी का शिकार हो गई है। इस यूनिट में सोमवार शाम से ब्वायलर ट्यूब में गैस रिसाव हो रहा था। यह रिसाव लगातार बढ़ता जा रहा था। जिसके कारण सोमवार रात को इस यूनिट को बंद करना पड़ा है। यूनिट बंद होने के बाद ब्वायलर के तापमान को सामान्य किया जाएगा। उसके बाद मरम्मत का काम होगा। इस प्रकार से करीब तीन चार दिन तक यह यूनिट बंद रहेगी। इस यूनिट के बंद होने से ऊंचाहार पदियोजना का विद्युत उत्पादन घटकर 1340 मेगावाट रह गया है। ज्ञात हो कि ऊंचाहार परियोजना से उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश समेत देश के कुल नौ राज्यों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। इसलिए एक यूनिट बंद होने के कारण सभी उपभोक्ता राज्यों के विद्युत आपूर्ति में ग्रिड द्वारा कटौती की जा रही है। एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बयाया कि मामूली खामी के कारण यूनिट बंद हुई है जिसे जल्द चलाने की कोशिश की जा रही है।

### ई-रिक्शा पलटा चालक घायल

**डलमऊ, रायबरेली।** ई-रिक्शा पलटने से ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के मुराईबाग के रहने वाले नीरज पुत्र राममिलन ई-रिक्शा से सवारी छोड़कर वापस घर आ रहे थे, तभी नगरूमऊ गांव के पास ई-रिक्शा पलट गया, नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया।

# दुष्कर्म पीड़िता ने कोतवाली में खाया जहर, मचा हड़कंप

## हालत गंभीर होने पर पुलिस ने सीएचसी में कराया भर्ती

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार**। दुष्कर्म जैसे संवेदनशील मामले में पुलिस के नकारात्मक रवैए से आहत पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस के सामने जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और कोतवाली में हड़कंप मच गया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

यह घटना मंगलवार सुबह करीब नौ बजे की है। कोतवाली पहुंची एक दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस पर आरोपित युवक का साथ देने और मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में सबसे सामने जहर खा लिया। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। जब लोग पुलिस कर्मी कुछ समझ पाते पीड़िता की हालत खराब होने लगी, तत्काल उसको सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थित बनी हुई है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव कंदरावा का है। गांव की एक युवती का पति शहर में रोजी रोटी के लिए नौकरी करता था। इस बीच ऊंचाहार के छोटे मियां का पुरवा निवासी एक युवक ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया।

महिला का कहना है कि युवक ने उसके साथ शादी का वादा करके चार साल तक संबंध बनाए और इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया। इस संबंध की जानकारी जब उसके पति को हुई तो उसने संबंध तोड़ते हुए महिला को अपने घर से भगा दिया। युवती जब अपने प्रेमी के पास पहुंची और उससे शादी करने को कहा तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। युवक ने उससे कहा कि यदि कोई कार्रवाई की तो तुम्हारे अश्लील वीडियो सोसल मीडिया में वायरल कर दूंगा। उसके बाद बीते महीने युवती ने कोतवाली में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

युवती का कहना है कि वह ऊंचाहार के एक निजी दुकान में काम करती है। रविवार को दुकान से वह अपने घर जा रही थी तो युवक ने रास्ते में घेरकर उसका मोबाइल फोन तोड़ डाला और उसके साथ मारपीट की। उसने धमकी दी कि यदि कोतवाली से शिकायत वापस नहीं ली तो बहुत बुरा अंजाम होगा। पीड़िता का कहना है कि पुलिस आरोपित की मदद कर रही है। उसकी तहरीर से इतर मामूली मुकदमा दर्ज करके पुलिस युवक का शांतिभंग में चालान करने जा रही थी, जिसे देखकर उसके पास आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं था। पीड़िता का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्महत्या कर लेगी।

> महिला के चार बच्चे है जिस पर आरोप है वह वह शादीशुदा नही है, महिला उसी के साथ रहना चाह रही है। फिलहाल मामले में युवक को जेल भेज दिया गया है।
>
> -अनिल सिंह ,कोतवाली प्रभारी ऊंचाहार

# गांधी परिवार के आने पर कांग्रेसियों में खुशी



एक- दूसरे को लड्डू खिलाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, सरेनी

**रायबरेली,अमृत विचार।** गांधी परिवार के आने की खबर सुनते ही कांग्रेसियों ने जीत की खुशी में लड्डू बांटे। सोमवार की शाम को किसान, मजदूरों को कांग्रेस की ओर से लड्डू खिलाकर जश्न मनाया गया। हालांकि इस जीत में किसी कांग्रेसी की भूमिका के बजाय जनता ने खुद ही वोट दिया। मिठाई बांटकर जश्न मनाने वालों में सूर्यबली सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह, आनन्द लोधी, गौरी शंकर सोनी, सुरेश निर्मल, मनोज, बच्चालाल, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

### योग शिविर आयोजित

**सलोन, रायबरेली।** सर्वोदय विद्यापीठ इण्टर कॉलेज सलोन में 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह योग शिविर 21 जून तक पतंजलि योग समिति सलोन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें योग प्राणायाम, आसन, योगिंग जागिंग और स्वास्थ संबंधी जानकारी प्रदान किया जाएगा। मंगलवार को प्रथम दिवस योग प्रशिक्षक सी एल मौर्य तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति द्वारा कपालभाती, भ्रामरी, प्रणव, भस्तिका प्राणायाम, ताड़ासन, चक्रासन, आदि आसन का अभ्यास कराया गया। और स्वास्थ संबंधी जानकारी प्रदान किया गया। इस योग शिविर में विवेक कुमार मौर्य जिला सह प्रभारी युवा भारत, राम अवध यादव तहसील प्रभारी भारत स्वाभिमान, प्रेम कुमार मौर्य आदि कई लोग मौजूद रहे।

# दो युवकों पर विधवा से गैंगरेप का आरोप

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार**। सदर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक मुस्लिम विधवा महिला ने बगहा गांव के दो युवकों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर घटना की शिकायत की। महिला ने आरोपी युवकों पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। वहीं पुलिस की जांच पड़ताल में जमीनी रंजिश का मामला प्रकाश में आया है।

सदर की रहने वाली विधवा महिला ने सलोन पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि 10 जून को वह बगहा गांव में रिस्तेदार असगर अली के यहां जा रही थी। पीड़िता के मुताबिक रायबरेली में बगहा गांव के असलम और नासिर रास्ते में मिल गए। इसके बाद उन्होंने रिस्तेदार के घर छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया। महिला ने बताया कि गांव पहुंचने से पहले बाइक को एक सूनसान रास्ते पर रोककर दोनों युवक जबरजस्ती करने लगे। जब विरोध किया तो आरोपियों ने मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है।

कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में है। जांच पड़ताल में प्रथम दृष्टया जमीनी रंजिश की बात सामने आ रही है। कुछ दिन पूर्व आरोपी द्वारा पीड़िता के परिजनों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसके बाद से मामले की जांच की जा रही थी। पूरे प्रकरण की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। जानकारी के मुताबिक उक्त जमीनी विवाद का समझौता हल्का लेखपाल के द्वारा प्रतिपक्षी से हो गया है। वहीं एसपी ने पूरे प्रकरण की जांच रिपोर्ट सलोन इंस्पेक्टर से मांगी है।

### आरोपी के मामा ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

गैंगरेप घटना की शिकायत से पूर्व आरोपी पक्ष के मामा जियाउल हक ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत पत्र में बताया कि जमीनी विवाद में उसके दोनों भांजों को दुष्कर्म की घटना में फंसाने की धमकी दे रहे है।

# सिपाही पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर की एक महिला ने रायबरेली एसपी ऑफिस में तैनात एक पुलिसकर्मी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला लालगंज कोतवाली में दर्ज कराया है। सिपाही पति व उसके परिवारजन पर पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। वर्तमान में संदीप वर्मा कोयला नगर कानपुर में घर बनाकर रह रहा है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर कोयला नगर कानपुर निवासी संदीप समेत ससुर श्रीप्रकाश, सास आशा, जेठ प्रदीप, जेठानी हर्षिता के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न आदि की धाराओ में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की जांच करायी जा रही है।

# शांति व सद्भावना के साथ मनाएं बकरीद का त्योहार : सीओ

संवाददाता, परशदेपुर



शांति कमेटी की बैठक करती सीओ वंदना सिंह। अमृत विचार

**रायबरेली,अमृत विचार।** डीह थाने की पुलिस चौकी परशदेपुर में बकरीद के त्योहार को लेकर मंगलवार को शांति कमेटी की बैठक की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी सलोन वंदना सिंह ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। बकरीद के दिन किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नही होनी चाहिए। ऐसा होने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में कुर्बानी खुले में नही होनी चाहिए। कुर्बानी करते समय चारो तरफ कपड़े का घेरा बना कर कुर्बानी की जाय। कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेषों को इधर उधर न फेंक कर कहीं एक जगह तय स्थान पर गड्ढा में दफन कर दिया जाए। बैठक में तहसीलदार सलोन प्रज्ञा द्विवेदी, डीह थानाध्यक्ष अरविंद सिंह, चौकी प्रभारी मोहित कुमार, देवेश प्रताप सिंह, आशु जायसवाल, मो. इतरत, जगदीश प्रसाद कमल, विनय सिंह, विनय यादव, अभय तिवारी, मौलाना मोहम्मद जैद, निहाल अहमद, मोहम्मद उजैफा आदि मौजूद रहे।

**अनदेखी** | ओवरब्रिज निर्माण को जल्दी पूरा कराने में जिम्मेदारों को नजर नहीं आ रही लोगों की समस्याएं, धूल उड़ने से सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं लोग

# धूल के गुबार से पनप रही बीमारी, कस्बेवासी व राहगीर परेशान

संवाददाता, रायबरेली



मुंशीगंज में निर्माणाधीन ओवरब्रिज।

**अमृत विचार**। शहर से सटे मुंशीगंज कस्बे में डलमऊ मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के ऊपर ओवरब्रिज बनाने का काम तेजी से चल रहा है। निर्माणाधीन कम्पनी के अधिकारी ओवरब्रिज बनाने में तेजी तो दिखा रहे है पर कस्बावासियो व राहगीरो की जिंदगी से खिलवाड़ भी उतनी ही तेजी से कर रहे है। ओवरब्रिज निर्माण को जल्दी से तैयार करा देने के अलावां अधिकारियों को कोई अन्य समस्या नही दिखाई दे रही है। डलमऊ व ऊंचाहार में बैठने वाले आलाधिकारी बस्ती व राहगीरो की समस्या को प्रतिदिन नजरअंदाज कर आते जाते हैं। यहां के रहने वाले लोग 24 घंटे उड़ती धूल के गुबार के बीच रहने को मजबूर हैं। उड़ती धूल की मकड़जाल में फंसे कस्बेवासी व राहगीरों में धीरे-धीरे सांस, दमा, टीबी जैसी बीमारी होने का खतरा तेजी से मंडरा रहा है। ओवरब्रिज का निर्माण शुरू कर निर्माणाधीन कम्पनी सेतु निगम ने बिना किसी की परवाह किए काम शुरू कर दिया है। निर्माणाधीन कम्पनी के अधिकारियों की उदासीनता के चलते राहगीरो के लिए सर्विस रोड बनाना या पानी का छिड़काव करना किसी ने जरूरी नही समझा। ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होते ही जर्जर पुरानी सड़क पर चलना लोगों की मजबूरी है। जर्जर पुरानी सड़क पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। काम शुरू करने के पहले राहगीरो व कस्बे के लोगों की सुध लेना जिम्मेदारों ने जरूरी नही समझा। जिला प्रशासन व निर्माणाधीन कंपनी के सक्षम अधिकारियो की उदासीनता के चलते लोगों को धूल फाकनी पड रही है। धूल उड़ने की दशा में लोग पुरानी सड़क पर गिरकर चुटहिल भी हो रहे हैं।

### क्या कहते हैं दुकानदार



वीरेन्द्र अग्रहिर।

वीरेंद्र अग्रहरि ने कहा कि सर्विस रोड व पानी के छिड़काव के लिए कई बार कहा जा चुका है। पर कंपनी के अधिकारियों की मनमानी से लोगों परेशान है। इस समस्या को डीएम तक पहुंचाया जाएगा।



अतुल गुप्ता

अतुल गुप्ता बताते है कि पूरे दिन और रात धूल उड़ा करती रहती है, जिससे कस्बे की दुकानों पर लोगों का ठहराव नहीं होता है। जिसके चलते व्यवसाय पूरी तरह से चौपट हो रहा है।



रोहित साहू

रोहित साहू कहते है कि दुकान खोलो तो कुछ ही देर मे धूल मिट्टी दुकान में भर जाती है। धूल का गुबार उड़ने से कोई भी बाजार में रूकना पंसद नही करता है।



आलोक अग्रहरि

आलोक अग्रहरी कहते है कि पूरे दिन धूल उड़ती है। धूल के बीच बैठना बीमारी को दावत देने जैसा है। पानी का छिड़कव हो जाए तो काफी राहत मिल सकती है।

> चुनाव के चलते सर्विस रोड नही बन पाई है। बहुत जल्द सर्विस रोड शुरू कर दी जाएगी। उड़ती धूल से लोगों को निजात दिलाने के लिए पानी का छिड़कव कराया जाएगा।
>
> -राजीव कुमार, उप प्रबंधक, सेतु निगम

# श्री हरिवंश महापुराण कथा में प्रवाहित हो रही ज्ञान गंगा

संवाददाता, सलोन,रायबरेली

**अमृत विचार**। सलोन तहसील अंतर्गत परशदेपुर क्षेत्र ग्राम गोपालपुर में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्री हरिवंश महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से शुरू हुई है।

मुख्य यजमान सियादेवी रुद्र नारायण शुक्ल सहित ग्रामीण माताएं, महिलाएं, पुरुषों ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश यात्रा लेकर गोपालपुर से लक्ष्मी नारायण पुरवा निकट सई नदी से कलश में जल भर कर यज्ञ स्थल पर वापस आकर पूजन अर्चन के साथ समापन किया। श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक स्वामी सत्यादेव महाराज ने हरिवंश पुराण नारायण कथा सुनाते हुए कहा कि नारायण भगवान की कथा श्रवण करने से संतान आदि की प्राप्ति होती है,और जीवन आनंदमय रहता है। आस्था और विश्वास के साथ हरिवंश पुराण सुनने से पुत्र प्राप्ति का फल मिलता है। कथा व्यास ने कहा कि हरिवंश पुराण कथा को सुनने से 18 पुराण की कथा श्रवण करने का फल मिलता है। यह कलयुग का शमन करने वाली कथा है, जो कल्प वृक्ष के समान है। व्यक्ति जिस कामना के साथ नारायण कथा को सुनता है उसे यह कथा विशेष फल प्रदायनी है। पहले दिन श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ी।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार


डीह के सुंदरगंज चौराहे पर प्रसाद वितरित करते भक्त। अमृत विचार


सैदनपुर गांव में स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों को प्रसाद वितरित करती कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह।

# तीसरे बड़े मंगल पर शहर से लेकर गांव तक रही भंडारे की धूम

## जगह-जगह हनुमान मंदिरों पर भक्तों ने हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का किया पाठ, आयोजित भंडारे में उमड़ी श्रदालुओं की भीड़, ग्रहण किया प्रसाद

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगल पर विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। पवनसुत के जयकारे और भक्तिपूर्ण भजनों के बीच आयोजकों द्वारा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद में पूड़ी सब्जी, खीर, छोला, चावल, बूंदी, फल, आइस्क्रीम सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। इसी के साथ जगह-जगह सुंदरकांड का पाठ और पूजा अर्चना भी की गई। कई स्थानों पर देर शाम तक प्रसाद का वितरण जारी रहा।

तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर राही ब्लाक के खागीपुर सड़वा सैदनपुर में नरसिंह, विश्वास त्रिवेदी व हरिहर सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने पहुंच कर बजरंगबली जी का आशीर्वाद लिया और हनुमान भक्तों को प्रसाद वितरण किया। पूनम सिंह ने कहा कि बड़े मंगल पर संकट मोचन हनुमान जी का आशीर्वाद सभी भक्तों को प्राप्त हो। कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम आयोजकों द्वारा पूनम सिंह का हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेश कुमार शुक्ला, अशोक त्रिवेदी, शिव प्रकाश मिश्रा, रामदेव सिंह, अतुल बाजपेई, अनिल तिवारी, सरिता तिवारी, राम जानकी त्रिवेदी, कुसुम सिंह, संपदा त्रिवेदी, मिथिलेश कुमारी, जागेश्वरी, रज्जनलाल, राम केवल पाल, हरिचंद पाल, बाबा निर्मल दीन, सरिता पाल, अरविन्द पाल, धर्मेश त्रिवेदी, विश्वास त्रिवेदी, आलोक त्रिवेदी, आकाश त्रिवेदी सहित अनेक लोग मौजूद थे। इसी तरह भाजपा अवध क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री रवि सालोमन, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा की ओर से पुलिस लाइन चौराहे पास भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। सिविल लाइन चौराहे पर भाजपा नेता शिवम सिंह की ओर से बुलेट एजेंसी में तीसरे बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। उधर अमृत विचार की ओर से इन्दिरा नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया। पाठ करने वालों में दिलीप सिंह, राजेन्द्र सिंह, दीपू, केश कुमार मिश्रा, धर्मंद्र प्रधान, अनन्तराम श्रीवास्तजव, दुर्गेश पांडेय, अमरेन्द्र कुमार, शशांक सिंह राठौर, सुरेन्द्र कुमार आदि हनुमान भक्त शामिल रहे।


पुलिस लाइन चौराहे के पास पूजा -अर्चना करते भाजपा नगर अध्यक्ष अभिषेक वर्मा।

**हनुमान भक्तों में दिखा उत्साह :** राही क्षेत्र में जगह-जगह भंडारों के आयोजन हुए। जिसमें कहीं पूड़ी सब्जी तो कहीं शरबत अथवा फलों का वितरण किया गया। हनुमान भक्तों व राहगीरों ने खूब प्रसाद गृहण किया। सुबह सेही भंडारे को लेकर लोग खूब उत्साहित नजर आए। बेलागुशीशी में गोपीचंद, रामू सिंह, उत्तरपारा व मुंशीगंज सहित अधिकांश स्थानों पर भंडारे के आयोजन हुए।

### धूमधाम से मनाया गया तीसरा बड़ा मंगल

**रायबरेली।** राही ब्लाक के कई गांव सहित मुंशीगंज कस्बे में बड़ा मंगल धूमधाम से मनाया गया। कही सुंदर कांड का पाठ तो कही हनुमान चालीसा का पाठ कर लोगों ने प्रसाद वितरण किया। मुंशीगंज चौकी प्रभारी करूणा शंकर तिवारी ने सब के सहयोग से चौकी पर हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की। आचार्य पं शिव प्रकाश त्रिवेदी ने मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन कर विधि विधान से स्थापना कराई। सुंदर कांड का पाठ सम्पन्न होने के बाद कन्या भोजन कराते हुए प्रसाद वितरण कराया। मुंशीगंज कस्बे सहित आसपास के लोगों ने स्थापना में हिस्सा लेते हुए भंडारे का प्रसाद छका। इस मौके पर कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, व्यापारी नेता विरेन्द्र अग्रहरी, ओम प्रकाश गुप्त, आशा राम मौजूद रहे।

**ग्रामीण अंचलों तक भंडारे की धूम रही :** शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक भंडारे की धूम रही। मलिक मउ चौराहा निकट शिव ट्रेडर्स ने भी हनुमान जी की कृपा के लिये सुंदर कांड पाठ का आयोजन हुआ और फिर हवन पूजन के साथ भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर गोकरन चौधरी, शिव कुमार चौधरी, रतीपाल वर्मा, नान चौधरी, कृपाशंकर चौधरी, शिवेष चौधरी, दीपक श्रीवास्तव, सचिन मौर्या, संतोष यादव, इन्द्रदेव चौधरी, पिंटू दादा, राम सेवक सिंह, पिंटू सिह, संदीप वर्मा, मुकेश वर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### जिला पंचायत सदस्य ने दलित बस्ती में किया शरबत वितरण

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता ने अपने क्षेत्र की दलित बस्ती में जाकर ग्रामीणों में नींबू चीनी शरबत का वितरण किया। जिला पंचायत सदस्य ने क्षेत्र के गांव पिपरहा की दलित बस्ती में स्टाल लगाया और नींबू चीनी मिश्रित शरबत का ग्रामीणों में वितरण किया। वहीं, बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं पहुंची। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि लोग ऐसे अवसरों पर सार्वजनिक स्थानों पर भंडारा आदि करते है, इस मंगलवार को हमने नगर से सुदूर ग्रामीण अंचल की दलित बस्ती में जाकर दलितों के बीच पूजा अर्चना और पुण्य शरबत वितरण का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि आने वाले जेठ मास के चौथे मंगलवार को ऊंचाहार चौराहा के हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसका आमंत्रण भी दलित बस्ती के ग्रामीणों को दिया गया है। इस मौके पर जियालाल यादव, जगशरन यादव, राम सेवक यादव, राम सजीवन साहू, अनिल साहू, श्रीराम यादव, बाबू यादव, तेजभान यादव आदि मौजूद थे।


शर्वत वितरण करते जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता। अमृत विचार

## पुलिसकर्मियों ने बांटा प्रसाद

लालगंज, रायबरेली। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को क्षेत्र भर के हनुमान मंदिरो में जहां भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं जगह-जगह भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंगलवार को सुबह से ही मंदिरों में पूजन-अर्चन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का पाठ किया। बेहटा चौराहे के पास बने हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए लोगों का तांता लगा रहा। कोतवाल शिव शंकर सिंह के द्वारा तीसरे बड़े मंगल पर थाने के गेट पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पूड़ी सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह जहां अपनी न्याय प्रियता और कुशल नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। वहीं धर्म के प्रति भी उनकी असीम निष्ठा है। उनकी अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने भंडारे का आयोजन कर समाज को एक दिशा दिखाने का काम किया है। इसके अलावा शिवनगर गोविंदपुर वलौली में बोस शुक्ला, नीलेश शुक्ला, चित्रहार सैनी और पूरे गुर्दी कोरिहरा में आटा चक्की पर उमाशंकर वाजपेई ने भंडारे का आयोजन किया। इसके साथ ही मेन रोड, अचार्य नगर, सराफा मंडी, सब्जी मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर आदि स्थानों पर भी भगवान बजरंगबली के भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया।


लालगंज थाने के गेट पर प्रसाद वितरण करते प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह।

### भक्तों को बांटी पूड़ी, सब्जी व बूंदी

**सरेनी, रायबरेली।** ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल पर सरेनी क्षेत्र में जगह-जगह भण्डारे का आयोजन किया गया। दुधवन गांव में रामेन्द्र सिंह ने सभी को पूड़ी, सब्जी व बूंदी खिलाई। सीएचसी सरेनी के पास मीना तिवारी की ओर से शर्बत पिलाया गया, जबकि सरेनी में शारदा सिंह ने पूड़ी व छोले का प्रसाद बंटवाया। लखनापुर के शनिदेव मंदिर में सुमित्रा साहू व शिवपती की ओर से ठंढाई पिलाई गयी। सरेनी बाजार में मुन्ना हलवाई ने सुबह 6 बजे से सभी को ब्रेड पकौड़ा खिलाना शुरू कर दिया। बाजार में ही रज्जन पटवा ने सब्जी, पूड़ी, पुलाव व बूंदी का प्रसाद वितरित किया। लखनापुर के साईं मंदिर में अर्जुन साहू की ओर से हलुवा खिलाया गया। रसूलपुर बाजार में देवी प्रसाद गुप्ता की ओर से शर्बत पिलाया गया।


भंडारे में प्रसाद छकते भक्त।

## बजरंगबली के जयकारों की रही गूंज

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर क्षेत्र में हर तरफ बजरंगबली के जयकारों संग भंडारों का दौर देर शाम तक चलता रहा। मंदिरों में हनुमान जी के दर्शन के लिए लम्बी कतारें लगी रही। हालांकि भीषण गर्मी और तपती धूप के चलते दोपहर में भी मंदिरों में भीड़ देखी गई।

क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला स्थित महावीर मंदिर, ओरीदास मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, मोन चौराहे पर राजेश वैश्य, कैर चौराहा, ब्लाक परिसर में ग्राम विकास अधिकारी वैभव मिश्रा, रंधावा रोड पर व्यापार मण्डल, ओथी चौराहे पर प्रधान सुनील मौर्य चंदापुर रोड स्थित राइस मिल पर शिवम सिंह द्वारा भण्डारों का आयोजन किया गया। इसके अलावा क्षेत्र में अन्य दर्जनों जगहों पर श्रद्धालुओं द्वारा भण्डारे के इंतजाम किए गए। वहीं गांव में भी जगह-जगह नुक्कड़ों पर लोगों ने स्टाल लगाकर शर्बत व बूंदी प्रसाद भी वितरित किया।

**भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़ :** तीसरे बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरगंज चौराहा स्थित शिवप्यारे आग्रहरी, शिव सागर अग्रहरि, घनश्याम साहू ने भक्तों को छोले चावल बांटा। आदर्श अग्रवाल, आदित्य अग्रहरि, नंदकुमार पाल आदि लोग रहे। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज के पास अजय रावत द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। वही रामलीला मैदान में मैदान प्रताप साहू व मनोज जायसवाल, शिवकुमार विश्वकर्मा द्वारा भक्तों को पूड़ी सब्जी बांटा गया। इसके अलावां गुडिया पर शीतल अग्रहरि द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर जयकरण सिंह, प्रदीप, सोहन ने भी भंडारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों भक्तों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।


भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित करते भक्त। अमृत विचार

## जगह-जगह भंडारों की रही धूम, झूमे भक्त

जगतपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** कस्बे से लेकर ग्रामीण अंचलों में ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को भंडारे की धूम रही। इस दौरान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम स्थल पर आल्हा का आयोजन भी हुआ। जिसमें दुर्धरा से आए भक्तों ने भी आल्हा का आनंद लिया। मंगलवार को जगतपुर कस्बे के शारदा सहायक नहर पर निरंजन सिंह चौहान के यहां अखंड रामचरितमानस का पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। हीरो एजेंसी के पास शोभित कुमार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया तथा सालों रोड पर दिनेश पांडे द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया। जोगमगदीपुर के पास प्रभु ट्रेडर्स पर भंडारे का आयोजन किया गया, जहां पर भंडारे के साथ आल्हा का विभाजन किया गया। दूरदराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वह आल्हा का भी आनंद लिया। कस्बे में भंडारे का आयोजन किया गया। बेनी कामा व लक्ष्मणपुर में भंडारे में पूडी, सब्जी, नुक्ती, चना, शरबत का वितरण किया गया। इस मौके पर महेश यादव, निरंजन सिंह, अमन कुमार, विनायक प्रताप सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने की परियोजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

संवाददाता, जौनपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र मांदड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से ऊपर के लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई जहां यूपी सिडको द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन बस स्टेशन बदलापुर को जुलाई 2024 तक पूर्ण कर लेने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास निर्माण सम्बन्धी जो कार्य पूर्ण हो गया है, उसे हैण्डओवर करने के निर्देश दिए गये।

कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को जिला शिक्षा और प्रशिक्षण केन्द्र के सुन्दरीकरण और निर्माण कार्य को 30 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। राजकीय आईटीआई कालेज शाहगंज का कार्य नवम्बर 2023 तक पूर्ण कराना था लेकिन कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सका जिस पर ठेकेदार के ऊपर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में रिपोर्ट मांगी। उन्होंने सिद्दीकपुर स्टेडियम में निर्माणाधीन स्वीमिंग पुल, सिंथेटिक रैम्प, सिंथेटिक रनिंग ट्रैक का रिवाइज स्टीमेट देने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की फोटोग्राफ्स सहित पत्रावली तैयार करें।

जिलाधिकारी ने सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कुत्तुपुर और जगदीशपुर के आगे वाली क्रासिंग के ओवर ब्रीज डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा जाए। शकरमण्डी से कुत्तुपरु मार्ग को 1 सप्ताह के भीतर ठीक कराने के निर्देश एक्सईएन जलनिगम सचिन सिंह को दिये।

## प्रशिक्षण व मतदान दिवस का यात्रा भत्ता सीधे खाते में भेजा गया

**जौनपुर, अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन ड्यूटी में लगाये गए कार्मिकों को प्रशिक्षण एवं मतदान दिवस हेतु यात्रा-भत्ता एवं हल्का नाश्ता मद में पारिश्रमिक के रूप में धनराशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में ऑनलाइन भेजा गया है। ऐसी स्थिति में जिन कार्मिकों द्वारा निर्वाचन ड्यूटी नहीं की गई है। उन कार्मिकों के बैंक खाते में भेजी गई पारिश्रमिक की धनराशि निर्वाचन प्राप्ति से सं लेखा शीर्षक-0070 अन्य प्रशासनिक सेवायें-2-चुनाव-800 अन्य प्राप्तियां-2 लोकसभा के लिए स्वतंत्र रूप से होने वाले निर्वाचनों के प्राप्तियां मद में ट्रेजरी चालान द्वारा जमा कर चालान की मूल प्रति प्रभारी अधिकारी कार्मिक कार्यालय में तत्काल जमा करना सुनिश्चित करें।

## कुछ लोग मुझे मार देंगे, फोन पर बोलकर गायब हुआ युवक

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एक लोडर चालक युवक ने पहले पुलिस को फोन करके कहा कि कुछ लोग उसका पीछा कर रहे हैं और मार देंगे, उसके बाद उसने अपना वाहन सड़क पर खड़ा कर दिया और संदिग्ध अवस्था में गायब हो गया है ।उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ बता रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह घटना मंगलवार दोपहर की है। प्रतापगढ़ जनपद के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नेवाडिया निवासी धीरेंद्र कुमार पुत्र हीरालाल लोडर चालक है। मंगलवार के दोपहर अपने कुछ परिचितों और पुलिस को फोन करके बताया कि वह प्रतापगढ़ से ऊंचाहार सलोन मार्ग की तरफ आ रहे हैं तथा कुछ लोग उनका पीछा किए हुए हैं। इस सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस जब मौके पर पहुंची तो ऊंचाहार सलोन मार्ग पर हनुमानगंज पुल के पास उसका लोडर खड़ा मिला, चालक लापता था। पुलिस ने उसके नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ बता रहा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि घटना की छानबीन की जा रही है।

## धार्मिक यात्रियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए : अजय पांडे

संवाददाता जौनपुर।

**अमृत विचार।** अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने राष्ट्रपति को सम्बोधित मांगों का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। यह ज्ञापन जम्मू कश्मीर में हुये आतंकी हमले के विरोध में दिया गया। इस मौके पर कहा गया कि जम्मू कश्मीर के रियासी में धार्मिक यात्रियों की बस पर हुए आतंकवादी हमले में 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई तथा 32 तीर्थयात्री घायल हो गये।

यह हमला भारत के हिन्दू तीर्थ यात्रियों के ऊपर करना स्पष्ट संकेत है कि आज भी हिंदू धार्मिक तीर्थ यात्री सुरक्षित नहीं है। पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं होती रही हैं। मणिपुर में हुई हिंसा, पंजाब में बढ़ता उग्रवाद, आतंकवाद तथा हाल ही में जम्मू के रियासी में हुई घटना स्पष्ट संकेत है कि देश में आतंकवादियों का मनोबल बढ़ रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद/राष्ट्रीय बजरंग दल घटना को लेकर दुखी एवं आक्रोशित है। साथ ही हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर मांग करता है कि केंद्र सरकार जम्मू रियासी के मृतकों व घायलों को उचित न्याय तथा इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकवादियों कर चिन्हित कर फांसी की सजा दी जाय। देश में हो रही आतंकवाद की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े दण्ड से दंडित किया जाय जिससे इस देश से आतंकवाद का सफाया हो। मृतकों के परिवार को 50-50 लाख रुपए व घायलों को 10—10 लाख रुपए दिए जायं। साथ ही धार्मिक यात्रियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाय, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुये अजय पाण्डेय जिलाध्यक्ष अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने कहा कि इस प्रकार कि घटनाओं को अंजाम देने वालो को त्वरित कार्रवाई की मांग की।

### बकरीद की नमाज को लेकर को दिया ज्ञापन

**जौनपुर।** ईदगाह कमेटी ने ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज को लेकर मछलीशहर अजीत कुमार को नमाज सकुशल संपन्न कराने का ज्ञापन दिया जिस पर उन्होंने आश्वासन देते हुये कहा कि जल्द ही सारी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान ईदगाह कमेटी के सदर नुरूज्जमा ने बताया कि ईदगाह में ईद-उल अजहा की नमाज की तैयारी का काम कमेटी द्वारा किया जा रहा है। जल्द ही मैदान की सफाई का कार्य पूरा हो जाएगा। सेक्रेट्री ने आगे बताया कि शहरे इमाम और ईदगाह कमेटी ने यह फैसला लिया है कि ईदगाह पर बकरीद की नमाज सुबह 7 बजे अदा की जाएगी जिसकी तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे बैंक आफ बडौदा खाते में मेरा नाम वीरेन्द्र कुमार दर्ज है। जबकि मेरे पैनकार्ड, आधार कार्ड में बीरेन्द्र कुमार राजपूत दर्ज है। जो दोनों नाम मेरे ही है अन्य किसी भी व्यक्ति के नहीं हैं। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। – बीरेन्द्र कुमार राजपूत पुत्र जसीराम, निवासी–सिकंदरपुरा, राठ (हमीरपुर) उप्र

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरे पिता साहित्य भूषण सिंह पुत्र स्वर्गीय गिरजा कुमार सिंह, निवासी– ग्राम सिकटिया, पोस्ट–लगडी कुशीनगर के निवासी थे, उनकी मृत्यु दिनांक 22– 01–2016 को हो गयी है तथा मेरी माता सारदा देवी पत्नी साहित्य भूषण सिंह की भी मृत्यु 02–06– 2016 को हो गयी है यदि इस मृत्यु तिथि पर किसी को आपत्ति है तो 15 दिन के अंदर रजिस्टार जन्ममृत्यु सिकटिया के यहां आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मृत्यु को सही मानते हुए अग्रिम कार्रवाई करें। – अनिल सिंह पुत्र साहित्यभूषण सिंह, ग्राम सिकटिया, मोतीचक, कुशीनगर

आवश्यकता है
सरस्वती इण्टर कालेज मोतीझील इटावा में
विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान कानपुर प्रान्त से सम्बद्ध
1– प्रशिक्षित प्रवक्ता भौतिक विज्ञान– (योग्यता– B-Tech/M.Sc/B.ed)
2– प्रशिक्षित स्नातक (योग्यता– किसी एक वर्ग से स्नातक साथ में Computer / संगीत में दक्ष को वरीयता) आवेदन करने की अन्तिम तिथि– 29 जून 2024, साक्षात्कार–––01 जुलाई 2024 सुबह 09:00 बजे से
C.B.S.E बोर्ड से शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियो के लिए वरीयता
प्रधानाचार्य
मोबा–9305446767
प्रबन्धक
सरस्वती इण्टर कालेज मोतीझील इटावा, पिन–कोड–206001

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### सुंदर काण्ड व भजन संध्या का हुआ आयोजन

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली पर बडे मंगलवार को सुंदर काण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुंदरकांड व भजन संध्या के बाद उपस्थित भक्तों ने भगवान की आरती उतारी। फिर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके श्रषि सैनी चंद्रपाल यादव, रजत वर्मा, दीपक नाग, पंकज वर्मा, शिवा नाग, डा. शत्रोहन लाल और अशोक कश्यप आदि भक्त मौजूद रहे।

### मेंथा की टंकी फटने से युवक घायल

माती, बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के दादनपुर में सोमवार की सुबह शशिकांत वर्मा (35) पुत्र राम नरेश मेंथा की पराई कर रहा था। तभी टंकी फट गयी जिससे वह घायल हो गया। हिंद अस्पताल के बर्न यूनिट में उसे भर्ती कराया गया है।

### 155 ग्राम मार्फीन के साथ पकड़ा गया शातिर

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने सोमवार देर रात दिलौना मोड़ के पास चेकिंग के दौरान सलमान पुत्र ताज मोहम्मद निवासी मोहम्मदपुर कीरत मज़रे बड़ेला की तलाशी के दौरान 155 ग्राम मार्फीन बरामद की गयी। पुलिस ने सलमान को गिरफ्तार कर लिया।

### 38 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार : बीते 24 घंटे के अंदर असन्द्रा व कोठी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 38 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

# पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा गया लेखपाल

## एंटी करप्शन अयोध्या मंडल की टीम ने पीड़ित की शिकायत पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


मनोज कुमार सिंह।

**कार्रवाई**
- दाखिल खारिज के नाम पर मांग रहा था 50 हजार रुपये
- बाद में 20 हजार रुपये पर हुई थी डील

> लेखपाल मनोज कुमार सिंह को रिश्वत लेते समय एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा है। लेखपाल के निलंबन की कार्रवाई की जा रही है।
> –विजय कुमार त्रिवेदी, एसडीएम सदर

**अमृत विचार :** एंटी करप्शन अयोध्या मंडल की टीम ने दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर पांच हजार की रिश्वत लेते लेखपाल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

नवाबगंज तहसील क्षेत्र के भयारा में तैनात राजस्व लेखपाल मनोज कुमार सिंह निवासी खिजना, थाना बड्डूपुर, तहसील फतेहपुर दाखिल खारिज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर मनोज आनंद नाम के शख्स से 50 हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। लेखपाल लगातार मनोज आनंद को दौड़ा रहा था। काफी दिनों के बाद मामला 20 हजार पर आकर तय हुआ। जिसके बाद मनोज आनंद ने एंटी करप्शन टीम को मामले की जानकारी दी। लेखपाल को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया।

मंगलवार को लेखपाल मनोज कुमार सिंह रिश्वत के नाम पर मनोज आनंद से पांच हजार की पहली किश्त लेने वाला था। इस संबंध में उसकी लेखपाल मनोज से फोन पर लगातार बात हो रही थी। मनोज आनंद ने बताया कि लेखपाल मंगलवार को सुबह से ही उसे फोन करके लगातार रिश्वत लेने की जगह बदल रहा था। पहले सुबह साढ़े ग्यारह बजे कांशीराम कॉलोनी बुलाया। फिर जब वह वहां जाने लगा तो फोन करके पल्हरी चौराहे पर बुलाया। लेकिन थोड़ी ही देर बाद उसने फिर जगह बदल दी। दोपहर करीब 2 बजकर 50 मिनट पर लेखपाल ने उसे डीएम आवास के सामने एक प्रतिष्ठान पर बुलाया। जहां वह उससे रिश्वत लेने वाला था। मौके पर पहुंचने पर जैसे ही उससे पांच हजार रुपये लिये तभी एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोच लिया। टीम ने उसे फरार होने का मौका नहीं दिया। लेखपाल को गिरफ्तार करने के बाद टीम उसे लेकर नगर कोतवाली पहुंची। टीम की ओर से उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया। एंटी करप्शन अयोध्या मंडल के प्रभारी निरीक्षक राय साहब द्विवेदी के मुताबिक लेखपाल मनोज कुमार सिंह को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। राय साहब द्विवेदी ने बताया कि टीम ने आरोपी लेखपाल से कड़ी पूछताछ की और नगर कोतवाली में लेखपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। लेखपाल को भ्रष्टाचार निवारण कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर दिनेश उपाध्याय, अमित सिंह और हरिओम मिश्रा समेत कुल 15 लोग की टीम शामिल थी।

# मामा ने विवाहिता से किया दुराचार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवा इलाके के एक गांव निवासी विवाहिता के साथ रिश्तेदारी में आए उसके मामा ने देर रात दुराचार किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी एक विवाहिता के घर बीती 9 जून को उसके रिश्तेदार मामा उसके घर आया था विवाहिता का आरोप है कि खाना खाने के बाद देर रात मामा ने उसको दूसरे घर में बिस्तर लगाने के लिए बुलाया और जब वह कमरे में आई तो मामा ने दरवाजा बंद कर उसके साथ दुराचार किया।कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी रिश्तेदार सूरज को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# कार्यकर्ताओं ने राजा भैया का किया स्वागत

हैदरगढ़, बाराबंकी


राजा भैया का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय जनसत्ता दल के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजा रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का मंगलवार की शाम नगर के मुख्य चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। सुल्तानपुर से लखनऊ जाने की सूचना पर नगर के मुख्य चौराहे पर एकत्रित समर्थकों ने अपने नेता का फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में पूर्व अध्यक्ष अखिलेश सिंह, अधिवक्ता संजय सिंह, विजय राज सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह बिज्जू, विजय प्रताप सिंह पिंटू, रिंकू सिंह और गुड्डू सिंह सहित बड़ी संख्या में समर्थक शामिल रहे।

# गुणवत्ता पूर्ण कराएं कार्य, वरना सीज होंगे खाते

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार कक्ष में मंगलवार की शाम को एक बैठक आयोजित हुई। इसका नेतृत्व डीपीआरओ नीतेश भोंडेले ने किया। उन्होंने निर्देश दिया कि गुणवत्तापरक कार्य पूर्ण करवा कर अतिशीघ्र सभी का भुगतान करना सुनिश्चित करें अन्यथा सचिव और प्रधान के खाते सीज कर दिए जाएंगे।आगा खान फाउंडेशन की ओर से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण व जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी संपत्तियों का रख-रखाव और संचालन हेतु बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम में पहुंचे डीपीआरओ ने पिछले वर्ष चयनित हुई सूरतगंज और कजियापुर में बना आरआरसी सेंटर(कूड़ा कचरा प्रबंधन केंद्र) का कार्य सुचारू रूप से अभी तक क्यों नहीं चालू हुआ। वहीं कजियापुर के सचिव रविन्द्र ने मजदूर न मिलने के चलते कुछ दिक्कतें होने की बात कहीं। तो सूरतगंज सचिव रोहित वर्मा ने कार्य चालू होने की बात कहीं। उधर वर्ष 2023-24में जैदपुर, सुढियामऊ, केसरई, बनमऊ, अमराईगांव व बल्लोपुर समेत पचास गांव में एक करोड़ 66 लाख 74 हजार एक सौ सोलह रूपये पंचायतों को जारी हुआ था। जिससे इन पंचायतों में आरआरसी सेंटर बनाए जा सकें। जिसमें से 33 लाख 76 हजार 531 रुपए का भुगतान हुआ है। कहा कि पानी टंकी को संचालित करने में सम्पूर्ण योगदान दे है। इस मौके पर एडीओ पंचायत ऋषिपाल सिंह व एनजीओ के जयराम पाठक, अब्बास आदि थे।

# शत-प्रतिशत वसूली करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीएम सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के खत्म होने के बाद जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में पहली बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट लोक सभागार में हुई। जिसमें कर-करेतर राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा की गई। बैठक में कर-करेतर की समीक्षा के दौरान आबकारी, चकबंदी , व्यापार कर, स्टाम्प शुल्क, विद्युत देयों की वसूली, नगर निकायों में राजस्व संग्रह की स्थिति, खनन, मण्डी समिति, खाद्य एवं सुरक्षा सहित अन्य राजस्व संग्रह से सम्बन्धित विभागों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व देयों की वसूली की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी नें लक्षित राजस्व देयों की वसूली में सुधार लाते हुये समय सीमा के अन्दर शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए राजस्व वसूली में वृद्धि करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं जनसामान्य के शिकायतों के निस्तारण के प्रति उनकी संतुष्टि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में एडीएम अरुण कुमार, एडीएम न्यायिक इंद्रसेन समेत सभी एसडीएम आदि थे।

# धोखाधड़ी व जालसाजी के दो आरोपी गिरफ्तार

कोठी, बाराबंकी

**अमृत विचार :** छह माह पहले धोखाधड़ी व जालसाजी के दर्ज मुकदमे में मंगलवार स्थानीय पुलिस दो लोगों गिरफ्तार किया। इन पर कूटचित दस्तावेजों आधार पर जमीन एग्रीमेंट कर 25 लाख बीस हजार हड़पने का आरोप है। अभी भी दो लोगों गिरफ्तारी शेष हैं।

नगर कोतवाली क्षेत्र के चदंना कटरा नवाबगंज मोहल्ला निवासी अधिवक्ता रवि मिश्र द्वारा 26 अक्टूबर 2023 अलग-अलग तीन मुकदमों में बताया था कि वर्ष 2022 में मसौली थाना क्षेत्र के सुरसंडा गांव निवासी राधेश्याम वर्मा के जरिए कोठी क्षेत्र के भानमऊ निवासी प्रेमप्रकाश, रजाईपुरवा निवासी रामनरेश व महरूपुर अकनपुर निवासी रामकैलाश से अलग-अलग गांव में पांच गाटा संख्या भूमि का 25 लाख बीस हजार रूपये देकर इकरारनामा कराया गया। मगर बैनामा समय प्रेम प्रकाश के स्थान पर सतरिख क्षेत्र के अयाज नगर निवासी जयकीरत,रामनरेश स्थान गांव के दीपक व रामकैलाश स्थान पर गांव के मनोज कुमार द्वारा कूटरचित दस्तावेज पर इकरारनामा कर धोखे से रूपये हड़पने जानकारी हुई। उस समय चारों लोग फरार हैं।

# विकास कार्यों की शुरू हुई जांच

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम पंचायत तारापुर गुमान के आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बीडीओ से शिकायत कर आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत की खुली बैठक नहीं कराई जा रहीं हैं । इसे लेकर मंगलवार को ग्रामीण नरेन्द्र कुमार, मोतीलाल, बजरंग, साहेब शरन, मालती और नीलम आदि की शिकायत पर खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने जेई आरईएस चेतराम व सहायक विकास अधिकारी कोआपरेटिव आशीष वर्मा के साथ गांव पहुंच कर विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया ।निरीक्षण में कमियां मिलीं।। जेई आरईएस चेतराम ने बताया है कि जांच शुरू कर दी गई है।

# महिला ने पुलिस पर लगाया पीटने का आरोप

सतरिख, बाराबंकी

**आरोप निराधार : एएसपी**
अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह का कहना है कि एसडीएम कोर्ट में ले जाने से पहले पुलिस द्वारा मेडिकल कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट में बेल्ट से मारने की पुष्टि नहीं हो रही है। आरोप निराधार हैं।

**अमृत विचार :** लखनऊ में थाना क्षेत्र ठाकुरगंज के आजाद नगर कैम्पवेल रोड निवासी ललित कुमारी ने एसपी को पत्र लिखकर सतरिख थाना प्रभारी व महिला पुलिस कर्मी पर मारने -पीटने गाली गलौज देने का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पूरा मामला सतरिख थाना क्षेत्र के कस्बा मोहल्ला बाजार का है। पीड़िता ललित कुमारी का पुश्तैनी मकान इसी मोहल्ले में बना हुआ है। मकान काफी जर्जर हो जाने की वजह से ईओ के आदेश पर ललित कुमारी द्वारा मकान के धवस्तीकरण के दौरान दो पक्षों का आपस में विवाद हो गया । पीड़िता का आरोप है की मकान ध्वस्तीकरण के दौरान पड़ोसी राकेश सोनी व राजेश सोनी ने जानबूझकर विवाद पैदा करने के लिए बाइक और कार खड़ी कर दी। जिससे दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान सतरिख थाने को सूचना दी गई पर मौके पर कोई नही पहुचा। बाद में मामले की जानकारी एसपी को दी गई । आरोप है कि पुलिस ने दोनों पक्षों के साथ गाली गलौज कर महिलाओं के साथ अभद्रता की और जबरन पड़कर थाने ले आई और पीटा। पुलिस के द्वारा ललित कुमारी और उसकी बहू संध्या रस्तोगी के साथ अभद्रता की गई और जबरन थाने ले जाकर पट्टे से पिटाई की गई। एसपी को लिखे गए पत्र में पीड़िता का आरोप है कि मारने पीटने के बाद पुलिस और डॉक्टर की मिलीभगत से फर्जी मेडिकल बनवाया गया। पीड़िता ललित कुमारी ने यह भी आरोप लगाया एसडीएम कोर्ट में पेश करने के लिए ले जाते समय रास्ते में रोक कर दोबारा पट्टों से पीटा गया। आरोप है कि पुलिस विपक्षियों से मिली हुई है और परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### प्रेम, सौहार्द का पर्व है बकरीद


बैठक में मौजूद सीओ डॉ. बीनू सिंह व अन्य लोग। अमृत विचार

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : बकरीद पर्व को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। सीओ ने शांति व सद्भावना से बकरीद पर्व मनाने की अपील की। बैठक में सीओ डा. बीनू सिंह ने कहा कि यह पर्व भाईचारे, प्रेम, सौहार्द एवं एकता का है। यहां के लोगों से यही अपेक्षा है कि प्रेम सौहार्द व भाईचारे के साथ त्योहार को संपन्न कराने में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बकरीद का त्योहार करीब है। प्रेम और सौहार्द के साथ सभी त्योहारों को संपन्न कराना नागरिकों और प्रशासन दोनों का कर्तव्य है। अफवाह से सावधान रहें। असामाजिक तत्व यदि शांति भंग करने का प्रयास करें तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रशासन आपके सहयोग के लिए है। इस दौरान डॉ. विपिन निगम, मौलाना शब्बीर, मौलाना अब्दुल लतीफ़, रिज़वान अहमद आदि मौजूद रहे।

### अधिक से अधिक कराएं वादों का निस्तारण


बैठक में मौजूद न्यायाधीश। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अनिल कुमार शुक्ल और अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह की उपस्थिति में 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर न्यायालयों के न्यायाधीश, प्रशासन तथा पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों साथ बैठक की गई। इस दौरान अनिल कुमार शुक्ल द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न प्रकीर्ण वादों, विभिन्न अधिनियमों के निस्तारण योग्य वादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अधिकाधिक वादों का अवलोकन किया गया एवं चिह्नित किये वादों की संख्या कम बताई गई। सभी अधिकारियों को यह भी सुझाव दिया गया कि वह अपने-अपने न्यायालयों में निस्तारण योग्य सभी प्रकृति के वादों के लिए संबंधित पक्षकारों को सूचित करने के लिए कम से कम दो बार नोटिस जारी करें तथा नजारत अनुभाग से एवं आवश्यकतानुसार पुलिस विभाग को सम्मन एवं नोटिसों के शत-प्रतिशत तामीला हेतु प्राप्त कराएं। बैठक में रुचि तिवारी सिविल जज, उज्ज्वल उपाध्याय एसीजीएम, क्षितिज पाण्डेय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रद्धा लाल अपर सिविल जज समेत कई न्यायिक, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

### जिम्नेजियम हाल का किया गया लोकार्पण


पौधरोपण करते सेनानायक अरुण श्रीवास्तव।

बाराबंकी, अमृत विचार : 10वीं वाहिनी पीएसी जिम्नेजियम हाल के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण कराया गया। मंगलवार को इसका लोकार्पण सेनानायक 10वीं वाहिनी अरुण कुमार श्रीवास्तवने किया। वहीं वाहिनी मंदिर पर बड़े मंगलवार के उपलक्ष्य में सुंदर कांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान वामा सारथी अध्यक्षा अल्का श्रीवास्तव, सहायक सेनानायक धर्मेन्द्र कुमार यादव, शिविरपाल उमेश कुमार राय, सैन्य सहायक सच्चिदानंद दीक्षित, सहायक शिविरपाल दिनेश कुमार पांडेय के साथ अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं फैमिली लाइन के परिवारजन उपस्थित रहे।

# 42 एंग्री जंक्शन खोले जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले में कृषि स्नातक युवाओं को गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार की स्वावलंबन योजना के तहत 42 एग्री जंक्शन केंद्र खोले जाएंगे। इसमें स्नातकों को उद्यम स्थापित करने के लिए सरकार मदद देगी।

उप कृषि निदेशक के अनुसार जिले के सभी ब्लॉकों में केंद्र खोलने की तैयारी की गई है। यही नहीं 13 दिनों के प्रशिक्षण के साथ लाभार्थी को प्रतिदिन के हिसाब से चार सौ रुपये भी दिए जाएंगे।

शासन से जिले में एग्री जंक्शन केंद्र खोले जाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए अब अभ्यर्थियों का चयन किए जाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। लाभार्थियों के चयन के बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया जाएगा कि किस फसल में कितना फर्टिलाइजर, दवा और बीज पड़ेगा। योजना युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने वाली है। बैंक से पांच लाख रुपये ऋण की भी सुविधा मिलेगी। जबकि मार्जिनमनी के रूप में एक लाख रुपये स्वयं देना होगा। लेकिन बैंक से ऋण स्वीकृति कराने की जिम्मेदारी लाभार्थी की ही होगी।

उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए पहले अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा और उसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को लाइसेंस जारी किए जाएंगे।

प्रदेश सरकार की प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना का उद्देश्य किसानों को फसल उत्पादों के लिए कृषि केंद्र यानी एग्री जंक्शन के बैनर तले समस्त सुविधाएं वन स्टाप शॉप के माध्यम से उपलब्ध कराने का है। इससे किसानों को न सिर्फ कृषि संबंधी जरूरतों के लिए केवल एक ही स्थान पर जाना पड़ेगा, बल्कि बेरोजगार कृषि स्नातकों को भी रोजगार का अवसर मिल सकेगा।

एग्रो जंक्शन केंद्र खोलने के लिए इच्छुक युवाओं को 15 जुलाई तक उप निदेशक कार्यालय में प्रपत्रों के साथ आवेदन करना होगा।

# बीडीओ ने की पीएम आवास की समीक्षा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने पंचायत सचिवों एवं प्रधानों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री, मुख्य मंत्री आवास एवं अन्य विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। ब्लॉक सभागार में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवासों की प्रगति के साथ साथ अमृत सरोवर, अन्त्येष्टि स्थलों चकमार्ग आदि विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारी ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्य समय से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करवाएं ।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया इंटरलॉकिंग का लोकार्पण

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अपने कार्य क्षेत्र का समुचित विकास करना मेरा उद्देश्य है। उसी उद्देश्य को लेकर चलते हुए आज तक 78 बीडीसी क्षेत्र में कुछ न कुछ कार्य उनके द्वारा करवाया जा चुका है। मुझे उम्मीद है कि अपने कार्यकाल में ही सभी बीडीसी क्षेत्रों में विकास कार्य होना संभव है।

उक्त विचार देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह यादव ने ग्राम पंचायत जोलिया बनारसपुर के भेड़हापुर में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य का लोकार्पण करने के उपरांत व्यक्त किए। श्री यादव ने इंटरलॉकिंग का फीता काटकर लोकार्पण किया। बताते चले कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी होने से लोकार्पण व शुभारंभ जैसे आयोजन नहीं हो पा रहे थे। इस अवसर पर इक्ष्वाकु मौर्या पूर्व प्रमुख, शिवनाथ यादव पूर्व प्रधान, सुभाष चन्द्र वर्मा प्रधान, राजेंद्र यादव प्रधान, आनंद सिंह प्रधान, करुणेश वर्मा जिलामंत्री, रामू यादव, अमरीश यादव, रंजीत यादव, देशराज सिंह, शिवप्रकाश यादव, रोहित वर्मा, रंजीत बीडीसी, बउनी वर्मा, गिरीश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

**परेशानी** चिलचिली धूप में राहगीरों को झेलनी पड़ी मुसीबत

# ट्रेन आने का बहाना बनाकर आधा घंटा तक बंद रखी क्रॉसिंग

रामनगर, बाराबंकी


क्रासिंग पर चल रहा काम। अमृत विचार


धूप में क्रासिंग बंद होने से परेशान राहगीर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ट्रेन आने का बहाना बताकर गेटमैन ने लगभग आधा घंटा तक रेलवे क्रॉसिंग का फाटक बंद रखा। इस दौरान रेलवे लाइन की मरम्मत का कार्य किया गया। रेलवे क्रॉसिंग बंद रहने के कारण चिलचिलाती धूप में राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

थाना क्षेत्र के हाईवे से बरियारपुर जाने वाले मार्ग के मध्य स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार की दोपहर फाटक बंद करके रेलवे लाइन पर कर्मचारियों द्वारा काम किया जा रहा था। वहीं गेटमैन द्वारा रेलगाड़ी आने का हवाला देकर करीब आधा घण्टा रेलवे फाटक बंद रखा गया। इस दौरान मार्ग से निकलने वाले राहगीर व एक अन्य धार्मिक स्थल पर जाने वाले श्रद्धालु चिलचिलाती धूप में खड़े होकर रेलवे फाटक खुलने इंतजार करते रहे। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार पर बाबा झड़ूले दास के मंदिर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ इसी मार्ग से गुजर रही थी। कई राहगीर व भक्त भी धूप से परेशान होकर वापस लौट गए। रेलवे लाइन पर कार्य कर रहे कर्मचारियों से इस बारे में जानकारी की गई तो उनका कहना था सुपरवाइजर के आदेश पर हम लोग कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में बुढ़वल स्टेशन मास्टर मनोरंजन कुमार का कहना है कि पुरानी रेलवे लाइन की पटरियां बदली जा रही हैं। जो काफी लंबी है। इस वजह से समय अधिक लग रहा है इसलिए राहगीरों को दिक्कतें आ रही हैं।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण योजना के लिए करें आवेदन

बाराबंकी, अमृत विचार : शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक कारीगरों की आजीविका को बढ़ाने के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान प्रशिक्षण टूलकिट योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को https://www.diupmsme.upsdc.gov.in वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत परंपरागत ट्रेड से जुड़े कारीगर जैसे नाई, लोहार, बढ़ई, हलवाई, धोबी, कुम्हार, राजमिस्त्री व दरजी आदि को विशेषज्ञों द्वारा लिए 10 दिन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# तीसरे बड़े मंगल पर हनुमान भक्तों ने लगाए भंडारे, मंदिरों में पूजन कर भक्तों ने लिया आशीर्वाद

## जगह-जगह हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जेठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर जिले भर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पूरी सब्जी बूंदी व शरबत प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को वितरित किए गए। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक भक्तों ने हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन कर लोक कल्याण की कामना की।

शहर में देवा रोड पर भाजपा नेता पंकज गुप्ता पंकी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें जिले के तमाम जनप्रतिनिधियों व बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। तो वहीं टीआरसी लॉ कॉलेज के प्रबंधक सुजीत चतुर्वेदी द्वारा हैदरगढ़ रोड स्थित प्रतिष्ठान पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिले के तमाम समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

वही असली रोड पर शहर के प्रतिष्ठित व्यवसयी संतोष झुनझुनवाला द्वारा आयोजित भंडारे में समाजवादी के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप में पहुंचकर अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। झुनझुनवाला द्वारा बड़े मंगल पर यह कार्यक्रम हर साल किया जाता है इसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। मोहल्ला सूत मिल के अखंड नगर में हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया यह आयोजन बृजेश हरीश गुड्डू दीक्षित व रिशु मिश्रा द्वारा आयोजित किया गया। शहर के ही पंचम दास कुटी मंदिर के पास अभिनव पाइप एंड केंद्र स्टोर की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया। रामनगर में सेल नगर तिराहे पर आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करतीं बीडीओ डॉ. संस्कृता मिश्रा।



प्रसाद बांटते पूर्व कैबिनेट मंत्री व सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह गोप।

तहसील रामनगर व कस्बे में लगभग एक दर्जन स्थानों भंडारे का आयोजन किया गया। मोहल्ला धमेड दो में नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक द्वारा भंडारे का आयोज नर्मदेश्वर मंदिर परिसर में किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। तो वहीं रामनगर के थाना मुख्यालय पर कोतवाल रत्नेश पांडे ने भंडारे का आयोजन किया। सीएससी अधीक्षक रामनगर द्वारा भी भंडारे का आयोजन किया गया। इसी तरह ग्राम सिया मऊ के मोती पुरी बाबा मंदिर में भंडारे का आयोजन अभिषेक मिश्रा दीपक रामबाबू द्वारा किया गया। जब किसी गांव में सुरेश मिश्रा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शरबत के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया।

ग्राम बरियारपुर में झंडू ले दास बाबा मंदिर पर ग्राम प्रधान निजामपुर में प्रधान प्रमोद द्वारा भंडारा आयोजित किया गया । हैदरगढ़ में एसबीएस पब्लिक इंटर कॉलेज नरौली में प्रबंधक हर्षित राजकुमार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जबकि आर मोबाइल द्वारा भंडारे का आयोजन वह साहू मोबाइल केयर पर रामचरितमानस का अखंड पाठ भक्तों द्वारा किया गया। हैदरगढ़ में ही रामलीला कोठी की तरफ से हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन कर सुंदर पाठ किया गया। मंदिर में भजन संध्या महा आरती का आयोजन हुआ। कुछ सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों द्वारा भी भंडारे व सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव वी हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने हैदरगढ़ में आयोजित तमाम भंडारों में पहुंच कर आयोजकों का मनोबल बढ़ाया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

इसी तरह कोठी क्षेत्र के मदारपुर चौराहे पर भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। सिद्धौर मैं रामशंकर विश्वकर्मा द्वारा आयोजित भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया क्षेत्र के तमाम गांव में भंडारे का आयोजन किया गया। सूरतगंज के थाना क्षेत्र मोहम्मद खाल स्थित महावीर कोल्ड स्टोरेज में विशाल भंडारे का आयोजन विद्याकांत द्विवेदी और व राजीव नारायण तिवारी द्वारा किया गया ।

## एक नजर

### 16 लाख की स्मैक बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत मंगलवार को सफदरगंज पुलिस टीम को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई। पुलिस ने थाना क्षेत्र रामनगर के ग्राम रजनापुर महादेवा निवासी मोहम्मद मेराज उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 165 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 16 लख रुपए बताई जा रही है।

### 15 लाख की मार्फीन बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत राम से नहीं घाट पुलिस टीम ने 155 ग्राम मॉर्फिन के साथ रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कीरत के रहने वाले सलमान पुत्र ताज मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मार्फिन की कीमत 15 लख रुपए बताई जा रही है ।

# आक्रोशित अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## एसडीएम द्वारा न्यायिक तहसीलदार को ज्ञापन लेने भेजने पर नाराज हुए वकील

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लंबित मामलों के समय से निस्तारण न करने व अधिकारियों की कार्यशैली से अक्रोशित अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करने हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई किए जाने की मांग की। माहौल को भांपते हुए पुलिस फोर्स को मौके पर बुला लिया गया।

तहसील के पीठासीन अधिकारियों की धीमी कार्यशैली के चलते तहसीलदार न्यायिक तथा नायब तहसीलदार न्यायालयों पर सैकड़ों की संख्या में अविवादित बैनामों के केस लम्बित हैं। इसके चलते वकीलों ने इसकी शिकायत और वार्ता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से करनी चाही तो वार्ता के दौरान सकारात्मक परिणाम न आने के कारण वकीलों ने आगामी शुक्रवार तक कार्य बहिष्कार की घोषणा कर दी थी। मंगलवार को सभी अधिवक्ता बार सभागार में एकत्रित हुए जहां से जोरदार नारेबाजी करते हुए एसडीएम कोर्ट पहुंचे। जहां ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर. जगत साईं ने तहसीलदार न्यायिक प्राची त्रिपाठी को ज्ञापन लेने के लिए भेज दिया। इस पर अधिवक्ता अक्रोशित हो गए और कहा कि जब ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मौजूद हैं तो उन्ही को ज्ञापान देंगे। कुछ देर बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पहुंचे जिनको ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।



ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं को ज्ञापन देते बार संघ अध्यक्ष। अमृत विचार

बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम ने बताया कि यदि अधिकारी अपनी हठधर्मिता पर अड़े रहे और सामान्य गति से कार्यो का निष्पादन नहीं किया तो आमसभा की बैठक करके इस न्यायिक कार्य बहिष्कार को ओर अधिक तेज किया जाएगा। इस मौके पर महामंत्री संजय सिंह, हरिनाम सिंह, ओम प्रकाश, श्रवण कुमार, इंद्रेश शुक्ला, सतीश वर्मा, प्रभात वर्मा, ज्ञानू सिंह, नफीस अहमद, अवधेश श्रीवास्तव, मदन मोहन मिश्र आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कथा सुनने को तरसते हैं देवी-देवता

**टिकैतनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणि मात्र का कल्याण संभव है। इस कथा को सुनने के लिए देवी–देवता भी तरसते हैं और दुर्लभ मानव को ही इस कथा का श्रवण लाभ प्राप्त होता है। ये बात क्षेत्र के सरांय नेतामऊ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक सुरेश चंद्र मिश्रा महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। बच्चों को संस्कारवान बनाकर सत्संग कथा के लिए प्रेरित करें। भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला के दर्शन करने के लिए भगवान शिवजी को गोपी का रूप धारण करना पडा। इस मौके पर राम नेवल शर्मा, कमलेश धीमान, विवेक शर्मा, राम अकबाल वर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कथा सुनाते सुरेश चंद्र मिश्रा महाराज।

### एसपी ने किया यातायात कार्यालय का लोकार्पण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइंस में यातायात कार्यालय का जीर्णोद्धार कराने के बाद मंगलवार को लोकार्पण किया। यातायात कार्यालय से शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग की जाती है। इस मौके पर एसपी दिनेश कुमार सिंह ने यातायात कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर जगत राम कनौजिया व यातायात प्रभारी राम यतन यादव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



यातायात कार्यालय का लोकार्पण करते एसपी दिनेश सिंह।

### केक काट कर मनाया चालक दिवस

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय वाहन चालक महासंघ जिला इकाई द्वारा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग परिसर स्थित संगठन कार्यालय पर विश्व चालक दिवस मनाया गया। इस दौरान चालकों ने केक काटकर इस दिवस को मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर समस्त विभागीय इकाइयां राजकीय वाहन चालक संघ के अध्यक्ष व मंत्री शामिल हुए। केक काटने के मौके पर नंद किशोर, विनोद कुमार, गोकरन नाथ, विजय गोस्वामी, सुरेश चंद्र, वीरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, अर्जुन आदि के साथ सेवानिवृत्त वाहन चालक शकील अहमद, देवेंद्र दूबे, रतिपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।



केक काटकर बधाई देते संगठन के पदाधिकारी।

# टीचर्स एसोसिएशन ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से की हस्तक्षेप की मांग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकासखंड सिरौलीगौसपुर में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय पर शिक्षकों के चयन वेतनमान आदि को लेकर मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मंगलवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने बेसिक शिक्षा अधिकारीको पत्र देकर हस्तक्षेप की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष आशुतोष ने खंड शिक्षा अधिकारी पर आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा है कि शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन सेवा पंजिका की पत्रावली सेवा पंजिका व शपथ पत्र के साथ चयन वेतनमान निर्गत करने के लिए कार्यालय में जनवरी माह में दिया गया था। अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सुविधा शुल्क की चाह में पिछले 5 महीने से मुख्यालय नहीं भेजा गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने चयन वेतनमान की प्रसारी पत्रावलियां अपने कार्यालय में ही पेंडिंग रखा है।

> प्रकरण से सम्बंधित अधिकांश पत्रावलियां आवश्यक कार्रवाई हेतु जिले पर प्रेषित की जा चुकी हैं।विकास खण्ड में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व से लेकर अब तक लगभग सभी कमियों को दूर कराकर समस्या समाधान का प्रयास किया गया है। कुछ पत्रावलियां अपूर्ण हैं। जिसके समाधान हेतु सम्बंधित शिक्षक से पत्राचार कर आवश्यक अभिलेख मांगे गये हैं। अभिलेख प्राप्त होते ही शेष पत्रावलियां भी आवश्यक कार्रवाई हेतु जनपद पर प्रेषित कर दी जाएंगी।
>
> –संजय कुमार राय, खंड शिक्षा अधिकारी

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनावश्यक पत्रों को मंगवाने के नाम पर शिक्षकों से सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जानबूझकर अपूर्ण पत्रावलियां बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजी जा रही है। जिसके कारण इन पत्रावलियों पर आपत्ति लग जा रही है।

संघ का आरोप है कि आधे से अधिक पत्रावलियां एबीएसए कार्यालय में ही रोक ली गई हैं। संघ के अध्यक्ष ने बीएसए से उक्त प्रकरण पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। संघ ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा व जिलाधिकारी को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी है।

# सपा और कांग्रेस ने लालच देकर मुसलमानों का वोट लिया : वसीम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मतलब निकल गया और सपा कांग्रेस के जुझारू नेता ख़ामोश हो गए न खटाखट खाते में पैसे की बात हो रही और नही पसमांदा का वोट पाकर उसे सदन में भागीदारी की। सपा का सपना दिल्ली के सदन में बैठने की राजनीति का था जो पूरा हुआ जबकि 295 सीट पाकर सरकार बनाने का ख्वाब राहुल गांधी का था जो दुर्भाग्य से पूरा नही हो सका।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि सपा हो या कांग्रेस दोनों ने लालच का जाल बिछाकर बड़ी संख्या में मुसलमानों का वोट हासिल कर लिया। तमाम वायदों के फेर के पड़कर मुसलमान ने साथ तो दे दिया पर अब दोनों दल के मुखिया सिरे से गायब हो गए। मंच के जरिये हर काम खटाखट होने का दावा करने वाले नेता मुंह सिल कर बैठे हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सपा व कांग्रेस पसमांदा का वोट हासिल करने के बाद इन्हें राज्यसभा भेजेगी, नुमाइंदगी देगी या फिर दशकों की तरह इस बार भी बेवकूफ बनाएगी।

# होम्योपैथी में है थायराइड का सटीक उपचार : डॉ. अविनाश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** थायरांइड के मरीजों के इलाज में होम्योपैथी की दवा काफी कारगर साबित हुई है। डॉ. अविनाश श्रीवास्तव का कहना है कि थायराइड के इलाज में होम्योपैथिक दवा रामबाण साबित हो रही है। यह बीमारी को जड़ से खत्म कर देती है। डा अविनाश ने बताया कि होम्योपैथ में असाध्य रोगों का इलाज कम खर्चे में हो जाता है और बीमारी जड़ से खत्म हो जाती है। डा अविनाश का कहना है कि उन्होंने बाराबंकी ही नहीं आसपास के जनपदों से आने वाले बड़ी संख्या में मरीजों को होम्योपैथी दवा के माध्यम से पूरी तरह से ठीक कर दिया।



डॉ. अविनाश

**पांच माह में पूरी तरह ठीक हुआ थायराइड :** 45 वर्षीय शहर को पिछले 5 साल से थायराइड की समस्या थी। ऑटोइम्यून की वजह से उनका मेटाबॉलिज्म बिगड़ गया था। जिसकी वजह से उनका वजन 70 से 80 किलो के बीच में हो गया था। वह एलोपैथ की दवाइयां ले रही थीं। होम्योपैथी दवा शुरू करने के बाद 4 से 5 महीने में थायराइड पूरी तरह से ठीक हो गया।

# तय रेट से अधिक वसूल रहे दाम

▸▸ आधार कार्ड में संशोधन न होने से रुके हैं सरकारी काम

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आधार कार्ड सरकारी व गैर सरकारी विभागों में कार्य के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। दूसरी तरफ आधार कार्ड बनाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

ब्लॉक बनीकोडर और नगर पंचायत राम सनेही घाट में दोनों की 2 लाख 93 हजार की जनसंख्या में केवल दो सेंटर में आधार कार्ड बन रहा है। जबकि पहले आंगनबाड़ी भिटरिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुमेरगंज, पोस्ट ऑफिस राम सनेही घाट में बंद पड़े होने के कारण जिससे लोग ब्लॉक स्तर पर दो सेंटर पर जाते है, जिसमें बीएसनल ऑफिस में लोगो से मनचाहा रुपये लिये जाते है और दूसरा आर्यावर्त ग्रामीण बैंक भिटरिया शाखा में सिर्फ एक दिन में 10 आधार कार्ड ही बनते है। ब्लॉक में अभी भी हजारों लोगों के आधार कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है।

2011 जनगणना के अनुसार ब्लॉक की जनसंख्या 2 लाख 93 हजार 40 थी। जिसमें से पाँच ग्राम पंचायतों को काट कर नगर पंचायत राम सनेही घाट बनाया गया। बीएसनएल ऑफिस में और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक भिटरिया शाखा में ही आधार कार्ड बन रहा है। लोग प्रशासन से जनसेवा केंद्र में आधार कार्ड बनाने की सुविधा मांग रहे हैं। तहसील के बीएसनल ऑफिस पर आधार कार्ड सेंटर पर रेट लिस्ट चस्पा होने के बावजूद कार्यरत कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र की जनता से 150 से लेकर 500 रुपए तक सुविधा शुल्क ले रहे हैं। पूर्व में भी इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों तक की जा चुकी है। इसके बावजूद इसके आधार कार्ड सेंटर पर रेट लिस्ट चस्पा होने के बावजूद बढ़ा कर रेट ले रहे है। यहां बता दें कि नया आधार कार्ड पूरी तरह निःशुल्क बनाया जाता है। बायोमैट्रिक अपडेट (फिंगर अपडेट पर) का 100 रुपए शुल्क निर्धारित। इसी प्रकार डेमोग्राफिक अपडेट करने का 50 रुपए शुल्क निर्धारित है। अजय यादव पुत्र शिव कुमार यादव सुमेरगंज निवासी ने बताया कि स्मार्ट कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाना है। पता गलत लिखे होने की वजह से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। वहीं संदीप कुमार बनीकोडर निवासी कहते हैं कि 6 साल के बच्चे का बिना आधार कार्ड के निवास और जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है।

खेती किसानी

## निदेशक उद्यान ने जिले का दौरा कर परखी योजनाओं की जमीनी हकीकत

# देशभर में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं बाराबंकी के किसान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** औद्योगिक क्षेत्र में खेती कर जिले के किस प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं यह बातें उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक विजय बहादुर द्विवेदी ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जमीनी पड़ताल करने आए जिले के किसानों से मुलाकात करने के बाद कही। मंगलवार को वह जिले में दौरे पर थे।

निदेशक विजय बहादुर जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव और योजना प्रभारी गणेश चंद्र मिश्र के साथ रामनगर ब्लॉक के बेरिया ग्राम में एकीकृत बागवानी मिशन योजना के तहत स्थापित पॉली हाउस का निरीक्षण करने पहुंचे। उद्यान विभाग के लाभार्थी किसान संदीप वर्मा से मुलाकात कर उनके द्वारा पॉली हाउस में की जा रही जरबेरा की खेती के बारे में जानकारी ली। संदीप ने बताया कि 10 वर्षों में खेती के इस व्यवसाय से जुड़कर विपरीत मौसम होने के बावजूद 20 से 25 लख रुपए सालाना लाभ उन्होंने पाया।



पॉली हाउस में किसान संदीप वर्मा से जानकारी लेते निदेशक उद्यान। अमृत विचार

संदीप ने निदेशक को बताया कि एक एकड़ में पॉली हाउस लगाने में करीब साठ लाख रुपए की लागत आई, जिसमें 50 प्रतिशत का कुल 29 लाख रुपए उद्यान विभाग से अनुदान मिला। संदीप ने निदेशक को बताया कि उन्होंने पॉली हाउस लगाने के बारे में विकासखंड देवा के रहने वाले किसान मोइनुद्दीन से काफी सहयोग मिला और उन्होंने इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी। शुरू में उन्होंने जरबेरा की खेती करना शुरू किया । आज उनके पास छह पॉली हाउस है । संदीप आसपास के किसानों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सहयोग कर रहे हैं।

निदेशक विजय बहादुर ने संदीप के मेहनत की तारीख करते हुए कहा कि जनपद के और किसान भी केला, मशरूम, स्ट्रॉबेरी ,व्हाट ड्रैगन फ्रूट की ज्यादा से ज्यादा खेती कर विभाग से सहयोग व अनुदान ले सकते हैं। उन्होंने जिले के किसानों की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के किसान जिले का नाम प्रदेश और देश मेंक रोशन कर रहे हैं । उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी महेश श्रीवास्तव व योजना अधिकारी गणेश चंद्र मिश्र की भी तारीफ की।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, अयोध्या

### अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01/अधि0अभि0/2024–25

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं प्राइस/फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जिसकी प्री–क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक–21.06.2024 को पूर्वान्ह 02.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में, विभागीय गठित समिति के नामित सदस्यों द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनॉक–14.06.2024 से दिनॉक–21.06.2024 को अपराह्न 01.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। प्राइस/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि, कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी, जो नोटिस बोर्ड व ई–पोर्टल पर सूचित की जायेगी। आनलाईन निविदा के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-I), हैसियत प्रमाण–पत्र (IDT-II) एवं स्वघोषणा प्रमाण–पत्र (IDT-III), श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण–पत्र, जी0एस0टी0 प्रमाण–पत्र एवं आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन नम्बर आदि। निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि का भुगतान इण्टरनेट बैंकिग के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की मात्रा | जमानत धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 01. | कोयलाताल ड्रेन के किमी0 12.000 से किमी0 0.000 तक मिट्टी सफाई का कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 12000 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 02. | उधैला ड्रेन के किमी0 32.000 से किमी0 12.000 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 36200 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 03. | कादीपुर ट्रंक ड्रेन के किमी0 13.000 से किमी0 0.000 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 15100 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 04. | परेठाताल ड्रेन के किमी0 8.400 से किमी0 0.900 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7100 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 05. | देवनपारा ट्रंक ड्रेन के किमी0 12.000 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 16100 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 06. | देवई ड्रेन के किमी0 8.500 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 8300 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 07. | रानीबाजार ड्रेन के किमी0 7.500 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7300 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 08. | सीहीपुर ड्रेन के किमी0 8.200 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7800 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 09. | कसेरुआ बुजुर्ग ड्रेन के किमी0 7.000 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7600 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 10. | नन्दौली ड्रेन के किमी0 8.600 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 10600 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 11. | वेरासपुर ड्रेन के किमी0 8.200 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 7500 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |
| 12. | कनकपुर झगरौली ड्रेन के किमी0 12.000 से किमी0 0.000 किमी0 तक मिट्टी सफाई का कार्य | | 9100 | 15 दिवस | "सी" एवं उच्च |

01– यह निविदा/बिड सूचना, उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in एवं सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।

02– निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि, इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाइन भुगतान द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

नोट :–उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो उसकी सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी। अतः निविदा सम्बन्धी अद्यतन जानकारी हेतु निविदादाता नियमित रुप से वेबसाइट का अवलोकन करने का कष्ट करें।

अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, अयोध्या

UP-205793 दिनांक 10.06.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**एक नजर**

### पद्म विभूषण, पद्मभूषण व पद्मश्री के लिए आवेदन शुरू

अयोध्या, अमृत विचार : गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत सरकार की ओर से 26 जनवरी को खिलाड़ियों को पद्म विभूषण, पद्मभूषण व पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा। इसके लिए पात्र खिलाड़ियों के आवेदन मांगे गए हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में पत्र खिलाड़ी अपना आवेदन 20 जुलाई तक क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय में तीन सेटों में साक्ष्य सहित जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पद्म विभूषण, पद्मभूषण व पद्मश्री उपलब्धियों के लिए आहर्यताधारी निर्धारित प्रारूप में खेल सम्बन्धी व्यक्तित्व व कृतित्व के साइटेशन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 20 जुलाई के बाद किसी भी दशा में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### तीन साल से जमे कर्मचारियों की मांगी सूची

अयोध्या, अमृत विचार : तीन साल से एक ही क्षेत्र में जमें तकनीकि शाखा के कर्मचारियों की सूची परिवहन निगम प्रबंधन ने मांगी है। इसके तहत तकनीकी शाखा में कार्यरत सीनियर फोरग्रेड एक, सीनियर फोर मैन ग्रेड़-टू, जूनियर फोरमैन, मैकेनिक, बाडी मैकेनिक, टायर निरीक्षक, विद्युत कार, भंडारपाल और भंडार अधीक्षक संवर्ग के वे कर्मचारी जिनकी तैनाती को एक जून 2024 को तीन साल पूरे हो गए है, उनको इसमें शामिल किया जाएगा। क्षेत्रीय स्तर पर इसको तैयार किए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# एक हफ्ते में खाली कराएं रामपथ का फुटपाथ

**अतिक्रमण से दुकानों के फसाड पर प्रभाव को लेकर प्राधिकरण भी हुआ गंभीर**

**खबर का असर**

## सिटी मजिस्ट्रेट ने लिया एक्शन, नगर निगम को दिए निर्देश


13 किमी रामपथ पर कब्जा, फुटपाथ पर सजी हैं दुकानें
खाली करो फुटपाथ, जनता आती है...

अमृत विचार में 10 व 11 जून को प्रकाशित खबरें।



रामपथ पर साकेत प्रिंटिंग प्रेस के निकट फुटपाथ पर लगी दुकानें। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नयाघाट से सहादतगंज तक बने रामपथ के फुटपाथ पर हुआ अतिक्रमण एक हफ्ते में हटाकर पूरा फुटपाथ खाली कराएं। ये निर्देश 'अमृत विचार' में 10 व 11 जून को प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट रमेश चंद्र मिश्रा ने नगर निगम को दिए हैं। इतना ही नहीं अतिक्रमण से दुकानों पर बने फसाड पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से ऐसे दुकानदारों को चेतावनी जारी की जाएगी।

करीब 13 किलोमीटर के रामपथ का निर्माण नव्य अयोध्या योजना के तहत बड़े पैमाने पर साल भर पहले कराया गया था। सहादतगंज से नयाघाट तक दोनों ओर लोगों के पैदल चलने के लिए पत्थर नुमा फुटपाथ का निर्माण भी कराया गया था। फुटपाथ के निर्माण के बाद जब तक तीन महीने फसाड का कार्य हुआ, तब तक फुटपाथ पर अतिक्रमण नहीं किया गया। फसाड के पूरा होते ही सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर धीरे-धीरे अतिक्रमण शुरू हो गया। अब वर्तमान में हाल यह है कि दोनों ओर 13 किलोमीटर के रामपथ पर हर पांच सौ मीटर पर न केवल दुकानों के सामान सज गए हैं, बल्कि कई वाहनों के शो-रुम वालों ने इसे पार्किंग के रूप में तब्दील कर दिया है। इसके अलावा साहबगंज और रकाबगंज तक में फुटपाथ पर सब्जी मंडी सजने लगी है। गाड़ी बनाने वालों ने फुटपाथ पर ही कारखाना खोल लिया है। इसे लेकर 'अमृत विचार' की ओर से अभियान शुरू किया गया। 10 जून के अंक में '13 किलोमीटर के रामपथ पर कब्जा, फुटपाथ पर सजी हैं दुकानें' खबर प्रकाशित की। जिस पर नगर निगम की ओर से एक्शन लेते हुए नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को आख्या मांगने का निर्देश दिया गया। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने जोनल अफसरों से आख्या तलब की है। जिसमें अतिक्रमण को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। दावा किया गया कार्रवाई की जा रही है। हालांकि मंगलवार तक जोनल अफसरों की ओर से पूरी आख्या रिपोर्ट अपर नगर आयुक्त को नहीं मिली थी।

अमृत विचार ने अभियान के दूसरे दिन मंगलवार 11 जून को 'खाली करो फुटपाथ, जनता आती है' रिपोर्ट प्रकाशित की। इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से संज्ञान लिया गया है।

### फुटपाथ लोगों की सुविधा के लिए, सामान रखने के लिए नहीं : सिटी मजिस्ट्रेट

सिटी मजिस्ट्रेट रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि रामपथ के फुटपाथ पर अतिक्रमण की जानकारी समाचार पत्र के द्वारा हुई है, यह एक गंभीर विषय है। रामपथ का फुटपाथ लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया है। दुकानों के सामान आदि रखने के लिए नहीं। कहा रामपथ के फुटपाथ पर अतिक्रमण को हटवाने के लिए नगर निगम को आदेश दिए हैं। इसमें प्रशासन और पुलिस का पूरा सहयोग भी रहेगा। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि पहले चरण में दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए सूचना और नोटिस दिया जाएगा। उसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटता है तो कार्रवाई की जाएगी।

> रामपथ के फुटपाथ पर अतिक्रमण और कब्जा गंभीर बात है। समाचार पत्र के माध्यम से जानकरी मिली है। नगर निगम को एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण और कब्जे हटवा कर फुटपाथ खाली कराने के निर्देश दिए हैं। **- रमेश चंद्र मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट, अयोध्या**

> जिला प्रशासन द्वारा यदि रामपथ पर अतिक्रमण का संज्ञान लिया गया है तो अच्छी बात है। प्राधिकरण द्वारा भी जहां-जहां अतिक्रमण से फसाड और डिजाइन प्रभावित हो रही है उनको चेतावनी दी जाएगी। मैंने पहले ही कहा था अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी नगर निगम और पुलिस की है। प्राधिकरण से जो भी सहयोग मांगा जाएगा, दिया जाएगा। **-सत्येंद्र कुमार सिंह, सचिव अयोध्या विकास प्राधिकरण**

## गृहमंत्री की पत्नी और बहन पहुंचीं अयोध्या, किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद अमित शाह तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी की कैबिनेट शामिल हुए हैं। अमित शाह को गृहमंत्री का पद मिलने के बाद उनकी पत्नी सोनल शाह अपनी ननद के साथ सोमवार शाम अयोध्या पहुंच गईं। रामलला के दर्शन कर अमित शाह की दीर्घायु और कार्य कुशलता का आशीर्वाद मांगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पुजारी ने अंग वस्त्र भेंट कर रामलला के आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद दिया। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह हनुमान गढ़ी और कनक भवन में दर्शन किया। इस दौरान गर्भगृह में सजाई गई झांकी को भी देखा। हनुमानगढ़ी के पुजारी हेमंत दास ने उन्हें अंग वस्त्र के साथ हनुमान जी का चित्र भेंट कर प्रसाद अर्पित किया। अमित शाह की पत्नी और बहन के अयोध्या दौरे को सुरक्षा कारणों से गुप्त रखा गया। कड़ी सुरक्षा के बीच धार्मिक यात्रा को सम्पन्न कराया गया। हनुमान गढ़ी के पुजारी हेमंत दास ने बताया कि सोनल शाह ने बताया था कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान राम मंदिर में दर्शन पूजन के लिए नहीं आ सकी थीं। इसलिए अब रामलला के दर्शन करने और हनुमान जी का आशीर्वाद लेने के लिए आई हैं।



हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण करतीं गृहमंत्री अमित शाह की पत्नी सोनल शाह। अमृत विचार

### बाइक सवार की मौत, एक घायल

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार:** थाना पटरंगा के मियापुरवा ओवर ब्रिज के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। साथ में बैठा युवक घायल हो गया।

थाना पटरंगा के ग्राम पूरे कामगार मजरे पचलो निवासी सुधीर कुमार रावत बाइक से साथी अम्बर प्रसाद निवासी ग्राम भुडेहरी थाना राम सनेहीघाट बाराबंकी ग्राम गनौली से रात वापस घर आ रहे थे। मियां का पुरवा के ओवर ब्रिज के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चालक सुधीर कुमार रावत की मौके पर मौत हो गई और बाइक पर बैठे अंबर लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया घायल को सीएचसी मवई भिजवाया। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने के बाद चालक अज्ञात वाहन समेत मौके से भागने में सफल रहा। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

### राम जन्मभूमि मुकदमे की पैरवी करने वाले अधिवक्ता पर जानलेवा हमला

**अयोध्या, अमृत विचार:** रामजन्मभूमि मामले में पैरवी करने वाले अधिवक्ता पर जानलेवा हमले का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित अधिवक्ता की शिकायत पर कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। अधिवक्ता संघ ने हमले की निंदा करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है।

अयोध्या कोतवाली के छोटी देवकाली वार्ड बेगमपुरा निवासी अधिवक्ता तरुण जीत वर्मा का कहना है कि मंगलवार को अपने वाहन से सरयू बंधे के रास्ते जमथरा घाट जा रहे थे। इसी दौरान लगभग पौने दो बजे कैंट थाना क्षेत्र स्थित बाटी वाले बाबा के आश्रम के पास बोलेरो सवार लोगों ने ओवरटेक कर उनको रोक लिया। चार लोगों ने लाठी-डंडा से उनके ऊपर प्रहार शुरू कर दिया। उनपर जानलेवा हमला कर जान से खत्म कर देने की कोशिश की। सरकारी अंगरक्षक ने किसी तरीके से उनकी जान बचाई। हमलावर वाहन में तोड़फोड़ करते हुए भाग निकले। हमला करने वालों में राम और सूरज के अलावा दो अन्य अज्ञात शामिल थे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने कहा कि हमलावरों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया तो अधिवक्ता आंदोलन को बाध्य होंगे।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से लूट का आरोपी घायल

**दो साथी भी गिरफ्तार, लूटी गई बाइक, बैग, मोबाइल, पिस्तौल और तमंचा-कारतूस बरामद**

संवाददाता, अयोध्या/पूराबाजार

**अमृत विचार :** हैदरगंज थाना क्षेत्र में रविवार रात हुई बाइक, बैग और मोबाइल की लूट में शामिल एक फरार आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। जबकि इसके दो साथियों को पहले ही पकड़ लिया था। पुलिस की गोली से घायल आरोपी का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया है।

एसएसपी राजकरन नैय्यर ने मंगलवार को बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र में बेलगरा गांव के पास रविवार रात बाइक सवार तीन लोगों ने एक बाइक सवार लोगों से उनकी बाइक, ट्रॉली बैग, पिट्ठू बैग और मोबाइल व नकदी लूट ली थी। हवाई फायरिंग करते हुए सुल्तानपुर की ओर भाग निकले थे। प्रकरण में हैदरगंज थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले के पर्दाफाश के लिए थाना पुलिस के साथ जिले की स्वॉट व सर्विलांस टीम को लगाया गया था।

सर्विलांस सेल/ स्वॉट टीम प्रभारी अमरेश त्रिपाठी और हैदरगंज थाना प्रभारी रजनीश कुमार पाण्डेय की संयुक्त टीम ने सोमवार देर शाम दो आरोपियों अभिषेक दुबे (26) निवासी भोपाडुहिया थाना हैदरगंज और रितिक तिवारी (22) निवासी दिवाकर पट्टी थाना कुड़ेभार, सुल्तानपुर को झागा का पुरवा भोपाडुहिया मार्ग मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। मौके से फरार साथी बृजेश तिवारी (26) निवासी गरौली तिवारी का पुरवा थाना हैदरगंज की तलाश में जुटी स्वॉट और पूराकलन्दर थाना पुलिस की संयुक्त टीम की पूराकलंदर थाना क्षेत्र में रामवन गमन मार्ग पर खनुवावा कछौली मोड़ पर आरोपी से मुठभेड़ हो गई। बताया कि रात लगभग 12:30 बजे गौराघाट बाजार की तरफ से आ रहे बाइक सवार बृजेश ने रोकने की कोशिश पर पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में घुटने के पास गोली लगी और वह घायल हो गया। मौके से एक पिस्तौल, एक तमंचा-कारतूस और मोटरसाइकिल यूपी 45 एएन 2368 बरामद हुई है।

उन्होंने बताया कि बृजेश तिवारी के खिलाफ हैदरगंज थाने में लूट, जानलेवा हमला, गैंगेस्टर, आयुध अधिनियम आदि के पांच और अभिषेक दूबे के खिलाफ डकैती की योजना बनाने, मारपीट-बलवा आदि के चार मामले पहले से दर्ज मिले हैं। घायल आरोपी का जिला अस्पताल में इलाज करवा सभी का चालान किया गया है।


मुठभेड़ में घायल आरोपी को एक्स-रे के लिए ले जाता सिपाही। अमृत विचार

## बदलाव : पूर्वी उप्र. के तापमान में लगातार हो रहा उतार-चढ़ाव

### कृषि विवि के वैज्ञानिकों की रिसर्च में सामने आया तथ्य

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**बदल रही जीवनचर्या, इधर ध्यान न गया तो भविष्य में होगी दिक्कत**

**अमृत विचार :** पूर्वी उप्र. के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। हाल के वर्षों में यह उतार-चढ़ाव ज्यादा रेखांकित किया गया। इससे मानव के साथ ही पशुपक्षियों की जीवनचर्या बदल रही है। फसलों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। यह तथ्य मौसम विज्ञानियों के रिसर्च से सामने आया। इसे लेकर वैज्ञानिक भी परेशान हैं। आशय यह है कि यदि जलवायु परिवर्तन के कारकों पर ध्यान न दिया गया तो आने वाले दिनों में दिक्कत और बढ़ सकती है।

ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण प्रकृति का औसत तापमान बढ़ रहा है, लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसके साथ एक तथ्य और सामने आया है। नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानियों ने 40 साल के तापमान के डेटा पर रिसर्च किया। पता चला कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। किसी दिन तापमान 40 डिग्री सेल्सियस है तो अचानक दूसरे दिन तापमान तापमान 30 डिग्री तक गिर गया। मौसम और तापमान में स्थिरता नहीं रह गई। रिसर्च से साफ हुआ कि साल-दर साल तापमान बदल रहा है। उदाहरण के लिए साल 1994 में साल का अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री रहा लेकिन साल 1995 में अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री तक चढ़ गया। इसी तरह साल 2003 में अधिकतम तापमान लगभग 43 डिग्री सेल्सियस रहा तो 24 में अब तक यह 45 तक पहुंच गया है।

रिपोर्ट कहती है कि यह स्थिति केवल अधितकम तापमान में ही नहीं है बल्कि न्यूनतम तापमान में इससे कहीं ज्यादा उतार-चढ़ाव है। 1988 और 89 में साल का न्यूनतम तापमान 06 डिग्री सेल्सियस रहा तो 1995 में दो डिग्री तक गिर गया। साल 2019 में यह एक डिग्री तक चला गया। हालिया वर्षों में भी स्थिति ऐसी ही रही।

मौसम विज्ञानी मानते हैं कि तापमान के साल दर साल परिवर्तन से जीव जगत प्रभावित हो रहा है। जीवन चर्या में बदलाव हो रहा है। बीमारियां बढ़ रही हैं। फसलों पर प्रभाव से उत्पादन प्रभावित हो रहा है।



#### वनों की कटान बनी अहम कारण

मौसम विज्ञानी मानते हैं कि घटती वनों की संख्या इसका अहम कारण है। कटान के चलते प्रदेश में लगभग 8.89 फीसदी भूमि पर बन रह गए हैं। इसके चलते तापमान में स्थिरता नहीं रह गई। पांच दशक पहले गर्मी में कई दिनों तक लू चलती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं रह गया।

#### मानव व्यवहार व जलवायु परिवर्तन बड़ा कारण

विज्ञानी मानते हैं कि मानव व्यवहार से हो रहे जलवायु परिवर्तन को इसका अहम कारण माना गया। रहन सहन, खान पान के साथ ही प्रकृति के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैय्या घातक बन रहा है।

#### बढ़ नहीं रहा वनीकरण लग रही झाड़ियां

अभियान के बावजूद जिले से प्रदेश तक वनीकरण बढ़ नही रहा है। हर साल लाखों पेड़ लगते हैं लेकिन अगले साल देखने को नहीं मिलते। हाइवे के किनारे बड़े पेड़ कम झाडियां ज्यादा लग रही हैं।

#### प्रकृति संरक्षण से ही आएगा सुधार

कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी अमरनाथ मिश्र ने बताया कि गलोबल वॉर्मिंग के कारण औसत औसत तापमान रहा है लेकिन डेटा रिसर्च में सामने आया कि इसके साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के तापमान में लगातार उतार चढ़ाव है। इससे भविष्य में दिक्तत हो सकती है। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वभाव इसके मूल में है। पेड़ पौधों के साथ प्रकृति संरक्षण से इसमें सुधार लाया जा सकता है।

## सरयू में डूबकर दो किशोरों की मौत

**आए थे अयोध्या दर्शन को स्नान के दौरान हुआ हादसा**

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या दर्शन-पूजन को आए दो किशोरों की मंगलवार को सरयू में स्नान के दौरान डूबने से मौत हो गई।

बस्ती के थाना सोनहा क्षेत्र स्थित सल्टौआ बाजार निवासी एक परिवार मंगलवार सुबह दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या आया था। परिवार के लोग स्नान के लिए सरयू के घाट पर गए थे। इसी दौरान मानव मिश्र (16) पुत्र रमेश कुमार अचानक सरयू के गहरे जल में चले जाने के चलते डूब गया। हल्ला-गोहार पर जल पुलिस व एसडीआरएफ सक्रिय हुई। आधे घंटे की मशक्कत के बाद मानव मिश्र को खोजकर बाहर निकाला। इसके बाद उसको श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं दूसरी पहर स्नान के दौरान जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र के भोपा दूबे का पुरवा निवासी पियूष दूबे (12) पुत्र राम प्रकाश दूबे गहरे पानी में चले जाने के चलते डूब गया। वह अपने परिवार के साथ बड़का मंगल पर अयोध्या दर्शन के लिए आया था। जल पुलिस ने खोजकर बाहर निकालने के बाद उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जल पुलिस प्रभारी आरपी मौर्य का कहना है कि जलस्तर घटने के चलते सरयू की धारा गहरी हो गई है और स्नान के दौरान पैर फिसलते ही लोग डूब जा रहे हैं।

जल पुलिस और एसडीआरएफ की ओर से लोगों को बार-बार चेतावनी दी जा रही है कि जल बैरिकेटिंग के पार न जाए और स्नान के दौरान सतर्कता बरतें।

## अवैध विज्ञापन हटाकर चौराहों के सौंदर्यीकरण के निर्देश

**नगर विकास मंत्री ने अफसरों के साथ की बैठक**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शहर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए चौक-चौराहों पर लगे अवैध विज्ञापनों को तत्काल प्रभाव से हटवाएं। चौराहों का सौंदर्यीकरण कराएं। ये निर्देश नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने मंगलवार को दिए। वो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नगर निगम के अफसरों के साथ बैठक कर रहे थे।

मंत्री ने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया जाए। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आचार संहिता के कारण लंबित कार्यों को तेजी से निपटाने के लिए कहा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि किसी भी तरह का बकाया न रखें। नगर आयुक्त संतोष शर्मा के कक्ष में हुई बैठक में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश शुक्ला, सुमित कुमार, अनिल सिंह, मुख्य अभियंता राजवीर सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**महंगाई की मार**

**कड़ाके की धूप और पछुवा हवा ने बढ़ा दिए सब्जियों के दाम, दामों में 10 से 15 रुपये की हुई वृद्धि**

## 30 रुपये में बिक रहा आलू, नींबू निचोड़ना आसान नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कड़ाके की धूप और पछुवा हवा ने सब्जियों के दामों को बढ़ा दिये हैं। हरी सब्जियों की तो पूछिए मत। इठलाते-बलखाते हुए मंडियों में पहुंच रही हैं। आलू 25 से 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। भीषण गर्मी के कारण खीरे का उत्पादन कम हो गया है। मंडी व बाजार में कहीं-कहीं ही दिख रहा है। इधर, नींबू निचोड़ना भी आसान नहीं रह गया है। बाजार में 140 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है।

हीट स्ट्रोक और नौपता के असर ने सब्जियों के उत्पादन में खासा असर डाला है। जिसके चलते इनके दाम आसमान छूने लगे हैं। एक हफ्ते के मुकाबले सब्जियों के दामों में 10 से 15 रुपये की वृद्धि हुई है। हरी सब्जियों में लौकी, तरोई, भिंडी और परवल समेत अन्य के दाम 40 रुपये के पार चल रहे हैं। साकेत सब्जी फल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मदन मौर्य ने मंगलवार को बताया कि गर्मी में उत्पादन कम होने के चलते सब्जियों के दामों में तेजी आई है। क्योंकि फसलें जल जा रही हैं। सिंचाई करने के दूसरे दिन ही फसलें सूख जा रही हैं। इसी कारण उत्पादन पर बड़ा असर पड़ा है। जब तक बारिश नहीं होगी तब तक सब्जियों के दामों से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।


रीडगंज में सब्जी बेचता विक्रेता। अमृत विचार

| सब्जियां | पिछले हफ्ते | अब |
|---|---|---|
| तरोई | 20 | 30 |
| लौकी | 20 | 40 |
| कद्दू | 20 | 30 |
| प्याज | 30 | 40 |
| टमाटर | 20 | 25 |
| पालक | 30 | 50 |
| आलू | 25 | 30 |
| घुइयां | 50 | 60 |
| भिंडी | 30 | 50 |
| बैंगन | 40 | 60 |
| परवल | 60 | 80 |
| पत्ता गोभी | 30 | 20 |
| नींबू | 120 | 140 |
| लहसुन | 200 | 250 |

नोट-सब्जियों के दाम प्रति किलो व रुपये में हैं।

#### फसलों के बर्बाद होने का डर

विकासखंड पूरा बाजार के खनुवावां निवासी किसान श्रीराम निषाद बताते हैं कि दो बीघे में मिर्च की फसल लगभग तैयार थी, लेकिन धूप के चलते सिंचाई के अभाव में सूख जा रही है। फसलों के बर्बाद होने का डर सता रहा है।


श्रीराम निषाद

#### फसल सूखने के कगार पर

पूरा बाजार के कछौली खनुवावां निवासी किसान अनिल कुमार ने एक बीघे में खीरा, करैला और मिर्च की फसल लगाई है। अब तक पंप सेट से डीजल डालकर सिंचाई कर रहा था, लेकिन धूप तेज है। फसलें सूखने के कगार पर हैं।


अनिल कुमार

# तीसरे बड़े मंगल पर शहर से लेकर गांव तक हुआ भंडारों का आयोजन

संवाददाता, अमेठी, सिंहपुर

**अमृत विचार।** बड़े मंगल पर अमेठी क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिर व सार्वजनिक स्थानों पर समाजसेवी व श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद व शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस कड़ी में धौरहरा संकट मोचन हनुमान मंदिर पर समाजसेवी आशीष कुमार सिंह द्वारा युवाओं के साथ मिलकर सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ-साथ सुबह साढ़े 7 बजे से देर दोपहर तक प्रसाद व शर्बत वितरण किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक धौरहरा निवासी समाजसेवी आशीष सिंह ने कहा कि बड़े मंगल पर संकट मोचन हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के पाठ के साथ-साथ छोला-चना, केला, लड्डू व शरबत का वितरण किया गया। कहा कि धर्म की रक्षा के लिए आगे भी वह समाज में विभिन्न कार्यक्रम करते रहेंगे।


ज्येष्ठ मंगल पर अमेठी में आयोजित भंडारे में प्रसाद का वितरण करते राजेश मसाला। अमृत विचार

### ग्रामीण क्षेत्र में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा, सड़कों पर चौराहों पर बांटा गया प्रसाद

**जामों अमेठी।** ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भी महाबली हनुमान की भक्ति और आस्था लोगों में हिलोरे मारती हुई दिखी। जगह-जगह सड़कों और चौराहों पर स्टाल लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। मवई चौराहे पर हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। ज्येष्ठ की दोपहरी में भी श्रद्धालु प्रसाद लेने के लिए लाइन में लगे रहे। स्टाल के पास साउंड लगाकर संगीत के उत्साह के बीच प्रसाद वितरण किया और थोड़ी थोड़ी देर बाद हनुमान जी की जयकारे लगाते रहे। ग्राम पंचायत मवई में ग्रामीणों के सहयोग आयोजित भंडारा देर शाम तक चलता रहा। हरगांव चौराहे पर शरबत वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओ ने छोले और पूड़ी का भी राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया। गोरियाबाद चौराहा, जनापुर चौराहा, ग्राम सभा अहद और गौरा ग्राम में स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

बता दें कि आशीष सिंह धौरहरा ने कालिकन धाम में अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में कई दिनों तक वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन-पूजन के साथ-साथ विशाल भंडारे का आयोजन कराया था। इसके अलावा सिंहपुर ब्लॉक क्षेत्र में भी भंडारों व प्रसाद वितरण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सेमरौता राजा मार्केट में छोला-चावल और अहोरवा भवानी रोड पर खीर का प्रसाद वितरित किया गया। राम गंज चौराहा पर रतनेश सैनी अरुण सोनी ने लोगों को शर्बत का वितरण किया। श्याम गंज चौराहे पर मनोज कुमार गुप्ता, मोनू चौरसिया, राहुल गुप्ता, राजन ने बूंदी और चने का प्रसाद वितरित किया।

### विधायक प्रतिनिधि ने की पूजा-अर्चना, बांटा प्रसाद

**अमेठी, अमृत विचार।** जनमानस पर हनुमान जी की कृपा बरसाने के लिए विधायक महाराजी प्रजापति के प्रतिनिधि और पुत्र अनुराग प्रजापति ने मंगलवार को आवास विकास कालोनी में बजरंग बली की विशेष पूजा अर्चना की। अपने परिवार के साथ हनुमान जी की पूजा के बाद उन्होंने महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सुबह से दोपहर बाद तक चले प्रसाद वितरण में आवास विकास कालोनी के सभी परिवारों के लोग शामिल हुए और बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों को प्रसाद वितरित किए।


अमेठी में प्रसाद का वितरण करते विधायक प्रतिनिधि अनुराग प्रजापति।


ज्येष्ठ मंगल पर लोगों को शर्बत का वितरण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## एक नजर

### पिकअप ने साइकिल सवार युवक को मारी टक्कर

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। घायल को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। थानाक्षेत्र के पूरे साहब मजरे मंगौली निवासी सुखराम मंगलवार को साइकिल से कहीं जा रहा था। तभी जगदीशपुर कस्बे में स्थित रामलीला मैदान के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल सुखराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर पहुंचाया गया, जहां से ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इस पुलिस ने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### थाने पर फरियादियों की सुनीं गईं समस्याएं

**भादर, अमेठी।** प्रभारी निरीक्षक की अनुपस्थिति में मंगलवार को थाने पर सब इंस्पेक्टर संजय सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। सबसे अधिक शिकायती पत्र बालीपुर डुहिया गांव से प्राप्त हुए हैं। इस्माइलपुर से सड़क दुघर्टना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत का मामला भी सामने आए। पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है।

### दो दिन से जलापूर्ति ठप होने से पानी को तरस रहे लोग

**शुक्लागंज, उन्नाव।** आदर्श नगर स्थित पालिका के पंप हाउस में लगी पानी की मोटर में खराबी आ जाने के कारण चार मोहल्लों को होने वाली जलापूर्ति दो दिनों से ठप पड़ी हुई है। मंगलवार को नई मोटर मंगाई गई लेकिन पानी न उठा पाने के कारण बुधवार को दोबारा मरम्मत कार्य कराया गया। आदर्श नगर पंप हाउस से जगनी खेड़ा, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आदर्श नगर के अलाव आस पास मोहल्लों में रहने वाले लगभग बारह हजार लोगों को जलापूर्ति होती है। दो दिन पहले मोटर खराब हो जाने के कारण सुबह शाम होने वाली जलापूर्ति प्रभावित हो गई। मंगलवार को दूसरी मोटर डाली गई। पूरा दिन विभाग परेशान रहा, शाम करीब 6 बजे दूसरी नई मोटर लाई गई लेकिन सफलता नहीं मिली।

# भूमि विवादों में तत्काल करें निस्तारण

## उपजिलाधिकारी ने बीडीओ व लेखपालों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद जिले में उपजिलाधिकारियों का स्थानांतरण भी हो चुका है। उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह अब एक्शन मोड में आ गए हैं। मंगलवार सुबह से उन्होंने राजस्व, विकास, पंचायत, पशुपालन विभाग के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी किए। राजस्व विभाग की बैठक में उन्होंने लेखपालों को हदबरारी और बंटवारे के मामले में त्वरित कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

जनशिकायतों के तुरन्त और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए। विकास पंचायत और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में भीषण गर्मी को देखते हुए तालाबों में जलभरवाने, गौशालाओं के नियमित निरीक्षण कर पशुओं के चारा पानी और उनके स्वास्थ्य की देखरेख पर जोर देते हुए जनशिकायतों के तुरन्त और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए। आगामी पौधरोपण कार्यक्रम को लेकर लेखपालों को क्षेत्रों में पौधरोपण योग्य सरकारी भूमि तलाश कर सूचित करने के निर्देश दिए। सड़को और नहरों के किनारे तथा चरागाहों में पौधरोपण कराए जाने पर जोर देने को कहा। उन्होंने चारागाह की सुरक्षित जमीनों पर हरे चारे की बुआई कर गौशालाओं में हरा चारा उपलब्ध कराने के लिए कहा। बैठक में बीडीओ जामो शेर बहादुर, बीडीओ गौरीगंज विजयंत कुमार सिंह, राम मिलन एडीओ आइएसबी शाहगढ़, डॉ ज्ञान प्रकाश उप मुख्य पशुधन अधिकारी शाहगढ़, डॉ उमाकांत सिंह पशुधन अधिकारी जामो व तहसील गौरीगंज के राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।


कार्यालय का निरीक्षण करते एसडीएम गौरीगंज दिग्विजय सिंह।

# अयोध्या मंडल के संगठन में विस्तार, बदले गए प्रभारी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी ने अयोध्या मंडल के संगठन में विस्तार करने के साथ इस मंडल को अब सेक्टर नम्बर चार में शामिल करते हुए सभी मुख्य सेक्टर प्रभारी बदल दिए हैं। लोकसभा चुनाव लड़ चुके दो प्रत्याशियों को पार्टी संगठन का काम सौंपते हुए जिला प्रभारी बनाया गया है।

अयोध्या मंडल को अब आजमगढ़, वाराणसी और मिर्जापुर मंडल के साथ सेक्टर नंबर चार में रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल, पूर्व एमएलसी धर्मवीर सिंह अशोक, डा विजय प्रताप गौतम और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को इस सेक्टर का मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। अयोध्या मंडल के पांच जिलों में पार्टी संगठन का काम देखने के लिए सेक्टर प्रभारियों की दो टीमें बनाई गई हैं। टीम ए में दिलीप कुमार विमल, महेंद्र प्रताप आनंद, छोटेलाल मौर्य के साथ बलराम निषाद को भी लगाया गया है। टीम बी में जिया लाल त्यागी, राजकुमार गौतम, छोटे लाल मौर्य और नन्हे सिंह चौहान को शामिल किया गया है। सुल्तानपुर से लोक सभा चुनाव लड़ चुके उदराज वर्मा को जिला प्रभारी बनाया गया है। अन्य सभी पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष पहले की तरह ही रखे गए हैं।

### सरकारी विभागों में कामकाज शुरू

**अमेठी, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव सामान्य निर्वाचन की आचार संहिता खत्म होने के बाद विकास कार्यों को फिर से गति मिलने लगी है। योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के बाद नये कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। सभी सरकारी कार्यालयों में विभागीय कामकाज शुरू हो गया है। जिलाधिकारी निशा अनंत ने सभी अधिकारियों को नियमित जनसुनवाई करने और जनता की समस्यायों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। तहसीलों और थानों में भी जनसुनवाई शुरू हो गई है। खंड विकास अधिकारी भी दफ्तरों में बैठने लगे हैं। कृषि विभाग किसानों को उन्नतिशील प्रजातियों के धान के बीजों और उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में लगा हुआ है। पौधरोपण की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।

# नीट में धांधली का आरोप, जांच की मांग

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** आप कार्यकर्ताओं ने विगत दिनों आयोजित हुई नीट परीक्षा परिणाम में धांधली का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। परीक्षा की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी के जिला सह संयोजक शिव प्रसाद कश्यप के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देने के बाद कहा कि नीट परीक्षा परिणाम में जो धांधली हुई है उसकी जांच सीबीआई करे। यह कैसे हो सकता है कि एक ही सेन्टर पर क्रम से रोल नंबर वाले 8 और 67 विद्यार्थी टॉप पर रहे है। दुर्भाग्यपूर्ण रवैये से आम छात्र एवं छात्राओं का डाक्टर बनने का सपना टूट रहा है। आम आदमी पार्टी अमेठी भारत सरकार से मांग करती है कि इसकी सीबीआई से जांच हो जबकि नीट की परीक्षा 05 मई को आयोजित हुई थी और उसका परीक्षा परिणाम 04 जून को आया। इसमे 67 विद्यार्थी प्रथम स्थान पर रहे, जिन्होने 720 में से 720 अंक अर्जित किये। इसमे से 44 अभ्यर्थी ग्रेस मार्क की मदद से टाप किया। मांग की गई है कि जो ग्रेस मार्क दिये गये हैं, उसका फार्मूला क्या है। कितने विद्यार्थी को ग्रेस मार्क दिये गये हैं, उसको भी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी सार्वजनिक करे। नीट परीक्षा परिणाम में जो भी गलतियां हुई है उसको सुधार कर फिर से परिणाम घोषित करें। इस मौके पर चन्द्रजीत यादव, पलटूराम, पंकज तिवारी, रामनारायण यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

# घर में घायल मिले अधेड़ की मौत, बेटे पर पीटने का संदेह

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत अधेड़ को घर में संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा देख परिजनों ने उसे 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके सिर व शरीर के अन्य अंगों में चोट से मौत की पुष्टि हुई है। चर्चा है कि उसका दिन में अपने बेटे से विवाद भी हुआ था।

मौरावां थानांतर्गत लऊआ गांव के मजरा चंदीबक्श खेड़ा निवासी भगवती प्रसाद खेती के साथ घर के बाहर किराने की दुकान किए था। सोमवार को उसका उसके बेटे श्रीनारायण से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शाम को उसे घर में अचेत अवस्था में पड़ा देख परिजन उसे अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से उसका बेटा फरार है। उसके एक बेटे की पहले ही मौत हो चुकी है। ग्रामीणों में चर्चा है कि घर में हुए विवाद के बाद उसकी पत्नी गंगा दुलारी भी कहीं चली गई थी। जो बाद में लौट आई थी।

## सार-संक्षेप


विद्युत विभाग के इंजीनियर को प्रार्थनापत्र देते ग्रामीण। अमृत विचार

### विद्युत समस्याओं से परेशान ग्रामीण भड़के

**उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर विद्युत उपखंड क्षेत्र के परियर गांव में बीते वर्ष से जानकी पुरवा मोहल्ले में आएदिन तार टूट जाता है। जिसे जोड़ने के लिए लाइन मैन को चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है। इसी प्रकार धोबिन मोहल्ले में भी कई वर्षों से विद्युत आपूर्ति सही से नहीं हो रही है। पूरे गांव में बीते कई महीनों से लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत लगातार की जा रही है लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे मजबूर लोगों ने मंगलवार को परियर में सफीपुर-परियर-चकलवंशी तिराहे पर शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे विद्युत विभाग के इंजीनियर जैद खान को ग्रामीणों के साथ रविशंकर मिश्रा ने प्रार्थनापत्र देकर विद्युत तार व ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर सुचारु रूप से आपूर्ति करने की मांग की। जैद ख़ान ने सभी समस्याओं को जल्द ही दूर कराने का आश्वासन दिया।

### स्वास्थ्य कर्मी के निधन पर शोक, दी गई श्रद्धांजलि

**शुकुल बाजार, अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र के जाने-माने फार्मासिस्ट व्यास पांडे का लखनऊ में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही शुकुल बाजार क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निधन पर शोकसभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वह स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र में लंबे समय तक कार्यरत रहे। उनका अंतिम संस्कार उनके बस्ती के निकट अयोध्या स्थित घाट में किया गया। उनके निधन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सुधीर वर्मा की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया। सीएचसी के फार्मासिस्ट व्यास पांडे के आकस्मिक निधन के शोक में मंगलवार को अस्पताल की ओपीडी बंद रही। स्टाफ के लोगों ने अस्पताल परिसर में शोक सभा आयोजित कर अपने सहकर्मी को श्रद्धांजलि दी।

### ऑनलाइन कॅरियर काउंसिलिंग का आयोजन

**अमेठी, अमृत विचार।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय द्वारा प्रदेश स्तर पर आईटीआई के छात्रों के लिए ऑनलाइन कॅरियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। जिसे जनपद के समस्त आईटीआई संस्थानों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग में मनोचिकित्सक व विशेषज्ञ डॉ. रचना द्वारा अभ्यर्थियों को कॅरियर संबंधी समस्याओं, तनाव व जीवन की अन्य समस्याओं का समाधान करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उपनिदेशक पीके पुण्डीर ने अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल की जानकारी देते हुए रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रेरित किया। बताया कि इस दौरान जनपद स्तर पर राजकीय आईटीआई गौरीगंज में प्रोजेक्टर के माध्यम से काउंसिलिंग का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, आईटीआई प्रधानाचार्य रूद्र कुमार गौतम, कार्यदेशक अजय कुमार तथा समस्त सेवायोजन एवं स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

### भाजपा ने परिवारवाद के तोड़े सारे रिकार्ड : दीपक सिंह

**संवाददाता, अमेठी।** कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने केंद्र की भाजपा सरकार में परिवारवाद का आरोप लगाया है। कहा कि इस बार की केंद्र की भाजपा-एनडीए सरकार आजादी के बाद से अब तक की परिवारवाद की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि केन्द्र में भाजपा ने इस बार जब एनडीए सरकार बनाई तो उसने परिवारवाद के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अभी तक अधिकतम 6 बड़े नेताओं के बेटे-भतीजे व नाती-पोते मंत्री होते आए हैं, इस बार भाजपा ने कई दर्जन बड़े नेताओं के बेटों को नातियों को पति को पुत्रियों को मंत्री बनाकर परिवारवाद के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कहा कि भाजपा अफवाह फैलाने वाली पार्टी है। सबसे ज्यादा जातिवाद करती है, धर्मवाद करती है, परिवारवाद करती है, लेकिन अपने ऊपर लगे आरोप को दूसरे के ऊपर मढ़ती है।

### प्रशिक्षण के लिए 21 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**अमेठी, अमृत विचार।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उप्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कमजोर आय वर्ग के लिए शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को डोयएक (नीलिट) से मान्यता प्राप्त कार्यरत संस्थानों में 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। संस्था के चयन के लिए पात्रता व शर्ते एवं समय सारिणी के अनुसार नीलिट द्वारा ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये विभागीय वेवसाइट पर दिये गये लिंक से निर्धारित प्रारूप पर संस्था द्वारा 8 जून से 21 जून तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। विवरण ऑनलाइन अपलोड कराने के साथ ही आवेदन पत्र की हार्ड कापी संलग्नकों सहित निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण, इन्दिरा भवन उप्र लखनऊ एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अमेठी विकास भवन गौरीगंज कार्यालय में 21 जून तक हर हाल में जमा कराना होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास भवन अमेठी में संपर्क किया जा सकता है।

# हाउस टैक्स में 20 फीसद की छूट, उमड़ी भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार को नगर पालिका में हाउस टैक्स जमा करने के लिये लोगों की भीड़ रही। मौजूद टैक्स कलेक्टरों ने बताया कि जून माह के अंतिम सप्ताह तक हाउस टैक्स जमा करने पर बीस प्रतिशत छूट दी जायेगी। उसी को लेकर सुबह से लेकर दोपहर तक पालिका में हाउस टैक्स जमा करने वालों की भीड़ रही। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय एवं ईओ मुकेश मिश्रा ने नगर में हाउस टैक्स वसूलने के लिए छूट की बात कही थी। जिसके तहत जून माह के अंतिम दिवस तक टैक्स जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट पालिका दे रही है। मंगलवार को पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों के अलग-अलग मोहल्लों में रहने वाले लोग पालिका पहुंचे। जहां पालिका में टैक्स जमा करने के लिये लाइनें लगी रही। इस दौरान वहां मौजूद टैक्स कलेक्टरों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। लोग पालिका के लगाये गृहकर में 20 प्रतिशत छूट लेने के लिए जून माह में ही राशि अदा करके लाभ उठाने के लिये पहुंच रहे हैं।


पालिका में टैक्स जमा करने के लिये लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**उपेक्षा** शहर के विभिन्न चौराहों पर लगीं महापुरुषों की मूर्तियों की नहीं हो रही नियमित साफ-सफाई

# महापुरुषों की प्रतिमाएं प्रशासन की उपेक्षा की शिकार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले के अलावा देश-प्रदेश तक को अपनी प्रतिभा से पहचान दिलाने वाले महापुरुष आज जिले में ही उपेक्षा के शिकार हैं। शहर के चौराहों पर लगी उनकी प्रतिमाएं अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं। प्रतिमाओं पर रखरखाव के अभाव में धूल की परतें जम गई हैं।

शहर के विभिन्न चौराहों पर स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। कुछ चौराहों पर लगी प्रतिमाओं को ऊपर से ढक दिया गया है लेकिन, अभी अधिकांश को उनकी छत तक नसीब नहीं हुई है। कुछ प्रतिमाओं में सूखे फूलों की माला पड़ी है। जैसे वे फिर किसी देशभक्त के आने की राह तक रही हैं। देखरेख न होने से प्रतिमाओं पर धूल चढ़ी हुई है। शहर के हरदोई पुल तिराहा स्थित शास्त्री पार्क में लगी पूर्व प्रधानमंत्री, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा इन दिनों आकर्षण का केंद्र जरूर बनी है लेकिन, प्रतिमा व पार्क सफाई न होने से बदहाल हैं। वहीं, शहर के हृदय स्थल बड़ा चौराहा स्थित छायावाद व प्रगतिवाद के पुरोधा पं. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रतिमा हो या लखनऊ- कानपुर बाईपास स्थित पार्क में लगी पं. उमाशंकर दीक्षित की प्रतिमा भी उपेक्षा का दंश झेल रही हैं। पं. उमाशंकर दीक्षित कर्नाटक व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल भी रहे और उप्र के उन्नाव जिले के निवासी थे। वहीं, एसपी आफिस स्थित बने डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा भी पूरी तरह से बदहाल है। पुलिस की उदासीनता से इन पार्कों कुछ के पास तो अराजक तत्वों को जुआं खेलते व शराब पीते भी अक्सर देखा जा सकता है।


सूखे मालों से सजी शास्त्री जी की प्रतिमा।


पं. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रतिमा।


पं. उमा शंकर दीक्षित की प्रतिमा।

> शहर के पार्कों व वहां लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं की जल्द ही सफाई कराई जाएगी। आगे भी ध्यान रखा जाएगा कि वहां लगातार साफ-सफाई होती रहे। कहा कि जल्द ही शहर के पार्क व प्रतिमाएं साफ सुथरी व चमचमाती नजर आएंगी। -**श्वेता मिश्रा,** नगर पालिका अध्यक्ष

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में देररात संदिग्ध परिस्थिति में घर के अंदर युवक का शव पड़ा मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं परिजनों ने शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने की आशंका जताई है। कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद निवासी हरिओम (22) पुत्र कल्लू शर्मा स्लैब के लिए जाल बांधने का काम करता था। सोमवार को वह गांव के ही एक मिस्त्री के साथ काम पर गया था। लेकिन वहां समय से सरिया नहीं पहुंची तो वह लौट आया। वह शराब का लती था। घर में वह पिता व बड़े भाई पिंटू के साथ रहता था।

# जंगल में पेड़ से लटकता मिला प्रेमी-प्रेमिका का शव

## दोनों की हाथ की कटी हुई थी नस, बहरिया इलाके की घटना

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** समाज की दुश्वारियों को झेलते हुए एक साथ जीने की चाहत न पूरी होने पर प्रेमी प्रेमिका दी हंसते हंसते एक साथ मौत भी गले लगा लिया। प्रेमी और प्रेमिका ने पहले अपने हांथ की नस काट ली फिर उसके बाद जंगल में एक पेड़ पर दोनों ने एक फंदे के सहारे खुदकुशी कर ली। ग्रामीणों ने दोनों का शव पेड़ पर लटकते देखा तो शोर मचाते हुए पुलिस को सूचना कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस और डीसीपी गंगापार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच की जा रही है। पूरा मामला तुलापूरवान के मनसईता नदी के पास जंगल में मंगलवार की है।

जानकारी के मुताबिक नवाबगंज के घाटमपुर गांव निवासी भागीरथी यादव और तुलापूरवान की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी के बीच काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। घरवालों के मुताबिक किशोरी एक सप्ताह पहले से अपने बुआ के घर धनबलपुर गई थी। जहां शुक्रवार की रात वह शौच के बहाने घर से निकली और फिर वापस नही लौटी। जिसके बाद किशोरी के फूफा ने बहरिया थाने मे गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी हुई थी। जिसके बाद मंगलवार की भोर में दोनों का शव मनसईता नदी के पास जंगल में एक पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### किशोरी को भगाने में पहले भी गया था जेल

भगीरथी और किशोरी के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले साल दोनों घर से फरार हो गए थे। मामले मे किशोरी के घर वालों ने नवाबगंज थाने में भागीरथी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया था। इधर कुछ दिन पहले वह जमानत पर ही छूट कर आया था। इसके बाद से ही किशोरी के परिवार वाले लगातार उसके आवाजाही पर निगाह कडी किये हुए थे। किशोरी के घरवालों ने परेशान होकर बेटी को एक सप्ताह पहले बुआ के घर धनबलपुर भेज दिया था। शुक्रवार की रात की किशोरी घर से शौच के बहाने निकाली और फिर वापस नहीं लौटी। घर वालों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी थी। अचानक मंगलवार को मनसईता नदी के पास जंगल में दोनों की लाश पेड़ से रस्सी के सहारे लटकती मिली। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच शुरु कर दी गयी है। अभी तक कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है।

> दोनों परिवार वालों का बयान दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जंगल में शव मिलने के बाद सुसाइड नोट की तलाश भी की जा रही है।
>
> –अभिषेक भारती, डीसीपी गंगानगर

# नीट परिणाम में भ्रष्टाचार को लेकर आप आक्रोशित

**जौनपुर। अमृत विचार :** नीट परीक्षा परिणाम में हुए भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी(आप) ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टीजनों ने कहा कि नीट परीक्षा जो देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में एक है, का पेपर लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहे नौजवानों को भ्रष्टाचारी सरकार ने एक और झटका दे दिया गया। पार्टीजनों ने कहा कि नीट परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था परंतु आनन-फानन में लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही 4 जून को ही परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इससे सवाल उठता है कि किस गुनाह को छिपाने के लिये इसका परिणाम उस दिन घोषित किया गया और जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गये। एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिये गये। कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर दिये गये जो असम्भव हैं, क्योंकि एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 4 या 5 नंबर कम होने चाहिए तो 718 और 719 नम्बर कैसे दिये जा सकते हैं? इससे प्रतीत होता है कि नीट परीक्षा में गम्भीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया है।

# सिर में गोली लगने से युवक की मौत

संवाददाता, पट्टी प्रतापगढ़

- पुलिस बता रही युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या
- युवक की मौत से परिजन रो-रो कर बुराहाल



सुनील यादव (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** सिर में दाहिनी कनपटी पर गोली लगने से युवक की मौत हो गई। हत्या और आत्महत्या को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। पुलिस गोली मारकर आत्महत्या बता रही है। युवक की मौत से परिजन रो रो कर बेहाल रहे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पट्टी कोतवाली के पूरे भीखा गांव निवासी 28 वर्षीय सुनील यादव पुत्र रामलाल मुम्बई में वाहन चलाता था। वह दो माह पहले आया था, तब से वापस मुम्बई नहीं गया। दो वर्ष पूर्व कंधई इलाके में उसकी शादी हुई थी। सोमवार शाम को सुनील निमंत्रण जाने की बात कहकर घर से निकला तो रात में वापस नहीं लौटा। घर वाले उसकी खोजबीन कर रहे थे। मंगलवार सुबह घर से 200 मीटर दूर उसी के खेत की मेड़ पर उसका शव लहूलुहान पड़ा था। सुबह शौच को गए लोगों ने देखा तो उसकी दाहिनी कनपटी पर गोली लगने से मौत हुई थी। परिजनों व पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पट्टी पुलिस, सीओ पट्टी व एएसपी पूर्वी दुर्गेश सिंह मौके पर पहुंचे थे। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर पड़ताल की और साक्ष्य संकलित किया। पुलिस ने मौके से पुराना तमंचा और उसकी मोबाइल बरामद किया, मोबाइल फ्लाइट मोड पर थी। घर वाले इसे हत्या मान रहे हैं। ग्रामीणों के बीच चर्चा रही को सुनील पिछले दो दिनों से कुछ संदिग्ध युवकों के साथ देखा गया था। एएसपी पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया की प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रही है। कोई तहरीर नहीं मिली है, जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### डिजिटल लाइब्रेरी से शिक्षा में मिलेगी मजबूती : नवीन



डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करते भाजपा नेता विक्रांत सिंह व चेयरमैन प्रतिनिधि बादल पटेल।

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मानधाता में मंगलवार को अमन डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष विक्रांत सिंह नवीन एवं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बादल पटेल ने फीता काटकर डिजिटल लाइब्रेरी का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया। विक्रांत सिंह ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत से युवाओं को शिक्षा को और मजबूती देने का अवसर मिल सकेगा। ऐसे अत्याधुनिक तकनीकी के माध्यम से लोग आसानी से हर स्तर की शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। बादल पटेल ने कहा कि लाइब्रेरी से मानधाता के युवाओं को प्रतियोगी क्षेत्र में बढ़ने का बेहतर अवसर मिल सकेगा। चन्दन सिंह फौजी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं को इसका लाभ लेना चाहिए।

### चोरी किया गया मोबाइल व टीवी बरामद, एक गिरफ्तार

**संवाददाता, कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** यमुना नगर स्थित कोरांव थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए टीवी और मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त मोहित सागर पुत्र महेश कुमार हेला निवासी आजाद नगर थाना कोरांव जनपद प्रयागराज को मंगलवार ब्लाक रोड कस्बा कोरांव थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की एक एलईडी टीवी एवं एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। उसका चालान कर जेल भेज दिया गया।

### पेड़ से गिरे अधेड़ समेत दो लोगों की मौत

**संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के शिवपुर पींग गांव निवासी पूरन का 55 वर्षीय पुत्र छोटेलाल कोरी सोमवार शाम पेड़ पर चढ़े थे। संतुलन बिगड़ने पर वह नीचे गिरकर जख्मी हो गए। अचेतावस्था में परिजन उन्हें सीएचसी कुंडा लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटे अजय ने बताया कि शव का बिना पोस्टमार्टम के ही अंतिम संस्कार करा दिया गया। अधेड़ की मौत से परिजन बिलखते रहे। पट्टी प्रतिनिधि के अनुसार महोखरी गांव निवासी 45 वर्षीय कमलेश पुत्र रामलखन प्लम्बर का काम करता था। मंगलवार सुबह घर से कुछ दूर आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा और अचानक हांथ फिसलने से नीचे गिर गया। आसपास के लोग उसे सीएचसी पट्टी ले गए जहां हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया, अस्पताल पहुंचते ही कमलेश की सांसे थम गईं। मुम्बई में रहे मृतक की पत्नी व बेटा भी घर के लिए रवाना हो गए हैं।

### मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** स्थानीय क्षेत्र के कबूलपुर गांव के गौशाला पर मंगलवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। गौशाला में उपस्थित केयर टेकर से जानवरों के बारे में जानकारी लेते हुये भूसा, चुनी, आदि हरे चारों का निर्देश दिया। इस दौरान गौवंशीय को लू से बचाने व हरे चारे के आवश्यक निर्देश देते हुये भूसा और बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही अगर किसी भी जानवर को कोई दिक्कत होती है तो तुरन्त मुझे सूचना देने के लिए कहा। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मो मोज़म्मिल, ग्राम विकास अधिकारी राजेश चौधरी, डॉ अरविंद श्रीवास्तव, रिंकू मौर्या, रीमा देवी, पंधारी यादव सहित तमाम लोग लोग रहे।

### दोस्तों के साथ नहा रहा युवक गंगा में डूबा, तलाश जारी

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** जिले के कछवां थाना क्षेत्र के बरैनी घाट पर मंगलवार की सुबह दस बजे दोस्तों के साथ नहा रहा युवक गंगा में डूब गया। दोस्तों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के गोताखोरों को लगाकर लापता युवक की तलाश में जुट गई है। कछवां थानाध्यक्ष संजीत बहादुर सिंह ने बताया कि कछवां निवासी अंषु यादव (18) पुत्र राजू यादव सुबह अपने दोस्तों के साथ गंगा नहाने बरैनी घाट पर गया था। जैसे ही घाट पर पहुंचा, गंगा में छलांग लगा दिया। गहरे पानी में चले जाने से युवक डूबने लगा। साथ गए दोस्तों ने डूब रहे युवक को बचाने का प्रयास किया। घटना की पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को लगाकर डूबे युवक की तलाश कराई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।

### ईद उल अजहा को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक



थाना अध्यक्ष ने बकरीद को लेकर की बैठक। अमृत विचार

**संवाददाता, अहरौरा (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** थाना परिसर में थाना प्रभारी बृजेश सिंह व नगर चौकी प्रभारी मनोज राय आगामी पर्व ईद उल अजहा (बकरीद) को लेकर थाना व नगर क्षेत्र के मुस्लिम समुदाय के गणमान्य नागरिकों के बीच एक आवश्यक पीस कमेटी की बैठक की गयी। वहीं, थाना अध्यक्ष ने भाईचारा आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान सफाई नायक मृत्युंजय कुमार, प्रवीण सिंह इत्तेहादुल मुस्लेमीन कमेटी सदर साकिर खान, सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद, मो .सलीम सभाषद, रजायत खान, मो .कलीम, मेजर हनिफ अंसारी, मंजूर अली, मो . एजाद, इस्लाम खान, इरफान अंसारी, ग्राम प्रधान इम्तियाज अहमद, अफसर अली, मो . अजीम, परवेज आलम, एजाज अहमद, जावेद मोहसीन, मो .साहिल आदि रहे।

### केवाईसी अपडेट करा लें लाभार्थीः विजय पाण्डेय

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय पाण्डेय ने बताया कि शासन/निदेशालय महिला कल्याण विभाग द्वारा वित्तिय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति के मृत्योपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों का भुगतान आधार वेस्ड प्रणाली के अंर्तगत किया जायेगा। तत्क्रम में उक्त योजना के समस्त लाभार्थियों से अनुरोध है कि जिन लाभार्थियों के बैंक खाते में आधार लिंक (केवाईसी) अपडेट नहीं है, वह सभी लाभार्थी यथाशीघ्र अपने संबंधित बैंक शाखा में जाकर अपने बैंक खाते में आधार लिंक (केवाईसी) अपडेट करा लें, ताकि वित्तिय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही की किस्त जनपद के समस्त लाभार्थियों को प्राप्त हो सके।

### पात्र दिव्यांगजन आवेदन करके कार्यालय में कापी दें: दिव्या

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को बताया कि जिन दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, हियरिंग एड, बैसाखी, स्मार्ट केन आदि की आवश्यकता हो, वे दिव्यांगजन विभाग की बेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन की हार्ड कापी कार्यालय में प्रस्तुत करें जिससे अग्रेतर कार्यवाही करते हुए सहायक उपकरण से लाभान्वित किया जा सके। आवेदन के साथ यूडीआईडी कार्ड (आनलाइन दिव्यांग प्रमाण-पत्र), आधार कार्ड, आय प्रमाण-पत्र, फोटो एवं सहायक उपकरण हेतु चिकित्सक की संस्तुति अपलोड करना अनिवार्य है।

# कैंसर पीड़ित को नहीं मिल रहा आयुष्मान कार्ड का लाभ

संवाददाता, प्रयागराज।

**अमृत विचारः** इलाज के लिए पैसे नहीं है। सरकार की तरफ से मिलने वाले आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में कैंसर से पीड़ित मरीज अपने इलाज के लिए सीएमओ के दफ्तर का चक्कर लगा लगा कर थक चुका है। अस्पताल में पीड़ित की सुनने वाला कोई भी नहीं है। यह मामला प्रयागराज सीएमओ ऑफिस पहुंचे कैंसर पीड़ित का है।

बतादें कि आयुष्मान भारत योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जहां एक कैंसर पीड़ित व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिलने के बजाय उसका लाभ कोई अन्य व्यक्ति उठा रहा है। फर्जी आधार कार्ड लगाकर पीड़ित का आयुष्मान कार्ड ले लिया और गलत तरीके से लाभ ले रहा है। जानकारी होने पर पीड़ित अपने दस्तावेज के साथ सीएमओ ऑफिस पहुंचकर इलाज के लिए भीख मांग रहा है। फूलपुर तहसील के धोकरी, सैदाबाद गांव निवासी प्रदीप सिंह आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी हैं। उनका नाम आयुष्मान भारत योजना की सूची में दर्ज है। कुछ दिनों पहले उन्हे जानकारी हुई कि वह बोन कैंसर से पीड़ित है। वह अपना इलाज पहले वाराणसी के बीएचयू में किये, लेकिन वहां वह उन्हें महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर सेंटर भेज दिया गया। परिवार के मुताबिक वह आयुष्मान योजना का लाभार्थी हैं। उन्होने जब अपने कार्ड की जांच कराई तो उन्हे बताया गया कि सूची में किसी और का नाम अंकित है। जबकि सूची में परिवार के अन्य सदस्यों का लिखा हुआ था। सोमवार को मानवेंद्र कागज लेकर प्रयागराज के सीएमओ ऑफिस तो पता चला कि कोई फर्जी आधार कार्ड लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवा लिया है। इसका सुधार हलफनामा देने पर होगा। कहा गया कि यह लखनऊ से सुधार किया जायेगा। आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने बताया क यह सूचना कि इस मामले की जानकारी मिली है। लेकिन यह हमारे स्तर पर कुछ नहीं किया जा सकता है। इसका सुधार लखनऊ से होगा।

# ठग गिरोह का भंडाफोड़, 12 गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज।

- 84 मोबाइल, 12 लैपटॉप बरामद, फर्जीवाड़ा कर 2.53 करोड़ बरामद

**अमृत विचारः** प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। ठगी करने वाला गैंग ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर करोड़ों रुपये का खेल किया था। इस धर पकड़ में कुल 12 ठगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक उपकरण और करोड़ों रुपये बरामद किये गये है। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गयी है। यह बड़ी कार्रवाई डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय की स्पेशल टीम ने किया है।

डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि कुछ दिनों से इस गिरोह की गतिविधियों को सर्च किया जा रहा था। गैंग चलाने वाले पहले ऑनलाइन गेमिंग में लड़कों को जीतने का मौका देते थे। बाद में उनकी लत बढ़ने पर उन्हे हराने लगते थे। इसकी लगातार सुरागकशी की जा रही थी। मंगलवार को सटीक जानकारी मिलने के बाद गिरोह के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इन शातिरों के पास से 42 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 52 सिम कार्ड बरामद किये गये है। इनके पास से दो करोड़ 53 लाख रुपये बरामद किया गया है। अभी इस मामले में आगे भी जांच की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि तीन वेबसाइट लेजर, 99 एक्सचेंज और 11 एक्स प्ले के माध्यम से यह शातिर क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी, लूडो, चेस, कार रेस, बॉक्सिंग सहित खेलों के जरिये से लोगों से पैसे लगवाते थे। ज्यादा पैसे लगाने के बाद उन्हे हरा देते थे। उन्होंने बताया कि इन सभी का कनेक्शन बिहार के गोपालगंज से जुड़ा हुआ हैं। गिरफ्तारी के बाद प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस ने बिहार पुलिस से संपर्क कर इनकी जानकारी हांसिल की। इसके बाद 12 आरोपी पकड़े गये है। डीसीपी यमुना नगर श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग के लिए इन लोगों ने तीन साइट बनाया था। सोशल मीडिया साइट पर बड़ी गेमिंग कंपनियों की तरह यह भी विज्ञापन जारी करते थे और लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इस गिरोह के सदस्यों ने नैनी इलाके में एक अपार्टमेंट किराए पर लिया था। इसके पास छापेमारी में अपार्टमेंट से भारी मात्रा में आधार कार्ड भी पाए गये है। गिरफ्तार करने वालो में करने वालो में इंस्पेक्टर साजिद अली, एसओजी के रणजीत सिंह, विवेक कुमार, रमानंद शर्मा आदि शामिल हैं। पकड़े गये ठग सूरज चौरसिया पुत्र यमुना प्रसाद (21) निवासी पुरारामपुर बेला थाना पट्टी प्रतापगढ़, पीयूष यादव उर्फ प्रिंस पुत्र स्व. रविकुमार यादव (23) निवासी रायगंज थाना कोतवाली गाजीपुर, घनश्याम वर्मा पुत्र भाऊराम वर्मा (34) निवासी दयालबंध थाना कोतवाली जनपद बिलासपुर छत्तीसगढ़, हिमांशु यादव पुत्र जितेंद्र यादव (22) निवासी रायगंज थाना कोतवाली गाजीपुर, मनीष निषाद पुत्र वेदराम निषाद (22) निवासी ग्राम मरारटोला थाना दांडी जिला बालोद छत्तीसगढ़, अजीम फरीद पुत्र शहनवाज (23) निवासी कपूरपुर रायगंज थाना कोतवाली गाजीपुर, शादाब पुत्र स्व. आफताब (21) निवासी टाउनहाल निगाही बेग थाना कोतवाली गाजीपुर, प्रवीण वर्मा पत्र जलेश्वर वर्मा (21) निवासी दयालपुर मधुबन रोड बिलासपुर छत्तीसगढ़, विजय निषाद पुत्र स्व. शेखर निषाद (30) निवासी मनोरा थाना गुंडरदेही बालोद छत्तीसगढ़, राहुल कामले पुत्र रामेश्वर कामले (30) निवासी गांधी चौक सिटी कोतवाली बिलासपुर छत्तीसगढ़, मो. समीर पुत्र गुलाम मुर्तजा (20) निवासी गोपीगंज बस स्टैंड थाना गोसाईगंज भदोही, आशुतोष यादव पुत्र रामवृक्ष यादव (24) निवासी रायगंज कोतवाली गाजीपुर है। इसन सभी के खिलाफ कार्रवाई की गयी है।



ठगों के पास से बरामद सामान

# एलएलबी की परीक्षा में पकड़े गए 3 सॉल्वर

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़



पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी में परीक्षा देते एलएलबी के छात्र।

**अमृत विचार :** प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध महाविद्यालयों में एलएलबी, बीएड व एमएससी की परीक्षा चल रही है। बजरंग महाविद्यालय कुंडा में मंगलवार को एलएलबी की परीक्षा में तीन सॉल्वर पकड़े गए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने तीनों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

प्रयागराज जनपद के नवाबगंज स्थित राम एस महाविद्यालय के एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों का परीक्षा केंद्र कुंडा कस्बा स्थित बजरंग महाविद्यालय को बनाया गया है। यहां पर मंगलवार को द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा हो रही थी। जिसमें संदीप कुमार गुप्ता पुत्र रामधनी गुप्ता निवासी फरीदपुर अटरामपुर के स्थान पर अभिषेक पुत्र महेश पांडेय निवासी गरीबपुर परीक्षा दे रहे थे। नासिर पुत्र यामीन निवासी मुरेठी रायबरेली के स्थान पर सुमित पुत्र अशोक निवासी नवाबगंज बैठे हुए पकड़े गए। अनिल कुमार पुत्र भवानी प्रसाद निवासी कासिया महंगा का पुरवा के अट रामपुर के स्थान पर रवि पटेल पुत्र गुरु प्रसाद निवासी कौड़िहार परीक्षा दे रहे थे। महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल ने तीनों को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते हुए रंगे हांथ पकड़ लिया। इसके बाद प्राचार्य प्रो.रणंजय सिंह ने पकड़े गए तीनों सॉल्वर के खिलाफ कुंडा कोतवाली में तहरीर दिया। कुंडा कोतवाल सत्येंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस से की अभद्रता, लाठीचार्ज

रानीगंज, प्रतापगढ़



हाईवे जाम कर प्रदर्शन करने वालों पर लाठीचार्ज करती पुलिस।

**अमृत विचार :** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष से व्यापारियों ने लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग जाम कर दिया। जाम हटवाने के लिए एसओ रानीगंज दलबल के साथ पहुंचे। एसडीएम व सीओ भी पहुंच गए। हाईवे जाम किये लोग एसओ समेत पुलिस से अभद्रता करने लगे। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। रानीगंज कस्बे के पूरे गोलिया के मोतीलाल गुप्ता, किशोरी लाल, मिठाई लाल, प्रेमी गुप्ता सहित एक दर्जन लोगों का हाईवे किनारे मकान बना हुआ है। मकान के पीछे शैलेश पांडेय, प्रभाकर पांडेय सहित लोगों की आबादी की जमीन है। एक सप्ताह पूर्व शैलेश पक्ष के लोग आबादी की जमीन पर राजस्व कर्मियों द्वारा नाप करने के बाद एसडीएम के आदेश पर निर्माण कर रहे थे। गुप्ता पक्ष के लोगों ने थानाध्यक्ष से एक सप्ताह का समय मांगते हुए निर्माण कार्य बंद करवाने के लिए कहा। एसओ रानीगंज आदित्य सिंह ने निर्माण कार्य बंद करवा दिया था। दो दिन पूर्व एसडीएम शैलेंद्र कुमार वर्मा, राजस्व कर्मियों, पुलिस ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। बातचीत कर समझौते की बात कही। इस बात पर गुप्ता पक्ष के लोगों ने बात नहीं मानी उसके बाद एसडीएम ने कर्मियों की रिपोर्ट पर निर्माण के लिए आदेशित कर दिया। निर्माण चल रहा था, दोपहर तीन बजे गुप्ता पक्ष के एक लड़के ने लाठी लेकर शैलेश पांडेय के पक्ष के लोगों को मार दिया।

> हाईवे दो घण्टे जाम कर प्रदर्शन करने वाले लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। पुलिस से अभद्रता करने, हाईवे जाम करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। –विनय प्रभाकर साहनी, सीओ रानीगंज

# हनुमान मंदिरों में गूंजी बजरंगबली की जय-जयकार

- भव्य श्रृंगार के साथ हुई महाआरती, चढ़े छप्पन भोग

संवाददाता, प्रयागराज।



बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर में महा आरती करते महंत बलबीर गिरी।

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ माह के तीसरे और आखिरी मंगलवार को बजरंगबली के प्रति आस्था उमड़ी। बजरंगबली के मंदिरों में जयकारों के साथ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही भक्त उमड़े तो दिन चढ़ने के साथ भक्ति का रंग मार्गों पर भी प्रवाहित हुआ। संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में भोर की सुबह मंगल आरती की गई। सुबह चार बजे से ही भक्तों ने बजरंगबली के जयकारे से मंदिर गूंजने लगे। फूलों से सजे हनुमंतलला की दिव्य छवि का दर्शन कर भक्त निहाल होते रहे। बंधवा पर निर्माण कार्य के चलते प्रवेश द्वार से ही श्रद्धालुओं को प्रवेश कराया जा रहा है, इसी रास्ते से भक्त वापस भी लौट रहे हैं। वही सिविल लाइन्स स्थित हनुमान मंदिर में सुबह से हनुमान चलीसे का पाठ किया गया। बड़े मंगलवार को सामाजिक संस्थाओं ने भी शहर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर श्री बड़े हनुमान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। प्रयागराज के बड़े हनुमान मंदिर में का भव्य श्रृंगार हुआ। बाघंबरी मठ और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरी महाआरती की। वहीं महाप्रसाद का भोग भी लगाया गया। मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। बड़े मंगल के अवसर पर शहर के तमाम मंदिरों में भव्य आयोजन किया गया। श्री बड़े हनुमान मंदिर में विशेष पूजन और श्रृंगार हुआ। मंदिर को फूलों हर भव्य सजाया गया। साथ ही बड़े हनुमान जी का विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह मंगला काल में श्री बड़े हनुमान जी का अभिषेक और आरती की गई। गर्मी को देखते हुए शरबत का भंडारा चलाया गया। ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार पर श्री बड़े हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। देर शाम तक मंदिर में भीड़ लगी रही। शाम साढ़े चार बजे मंदिर में महाआरती की गई। इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड का पाठ का आजोजन हुआ। वहीं, भक्तों को धूप से बचाने के लिए टेंट की भी व्यवस्था की गई थी।

# मौलाना हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जेठवारा के सोनपुर में आठ जून को सुबह जमीन के विवाद में पैसे के लेन-देन को लेकर हुई मौलाना फारूक की हत्या का मुख्य आरोपित चंद्रमणि तिवारी पकड़ा गया। उसे पुलिस ने मंगलवार को डेरवा बाजार से गिरफ्तार कर लिया। उसके बताने पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी मिला है। पूछताछ में उसने बताया कि मौलाना को उसने जो जमीन उसने बैनामा की थी, वह उसे वापस करने का दबाव डालकर अपने पैसे मांग रहे थे। कहासुनी के दौरान आवेश में आकर फावड़े से प्रहार कर दिया, जिससे फारूक की जान चली गई। एएसपी पश्चिमी संजय राय ने बताया कि चंद्रमणि को जेल भेज दिया गया। इस हत्याकांड में उसकी पत्नी सीता देवी व एक अन्य आरोपी देवी प्रसाद पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। अभी चंद्रमणि के दो बेटे भी जो नामजद हैं, उनका पता नहीं चला है।

# ब्राम्हण महापंचायत का अल्टीमेटम

- परशुराम सेना के पदाधिकारियों ने की डीएम से मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

संवाददाता, प्रतापगढ़



जिलाधिकारी से बात करते परशुराम सेना के पदाधिकारी व अधिवक्ता।

**अमृत विचार :** जेठवारा के सोनपुर में बीते आठ जून को सुबह जमीन के विवाद में पैसे के लेनदेन में मौलाना फारूक की हत्या हो गई थी। जिसमें सपा का प्रतिनिधि मंडल 15 जून को सोनपुर जाकर मौलाना के परिजनों से मिलेगा। इस बात से नाराज परशुराम सेना ने डीएम से मिलकर ब्राम्हण महापंचायत का अल्टीमेटम दिया है।

राष्ट्रीय परशुराम सेना के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता व परशुराम सेना के कार्यकर्ता मंगलवार को डीएम संजीव रंजन से मिले। डीएम को मांगपत्र देते हुए कहा कि हिंदू परिवारों के घरों में की गई तोड़फोड़ और पत्थर बाजी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। डीएम से घटना की उच्चस्तरीय जाँच की मांग करते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल को वहां न जाने दिया जाए। अगर राजनीतिक दल वहां राजनीति करने जायेंगे तो ब्राह्मण महापंचायत का भी होगा आयोजन किया जाएगा। इस दौरान परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय मनोज दूबे, संजय शुक्ल, एडवोकेट मुरारी मिश्र, पवन मिश्रा, सुनील मिश्रा, पंकज पांडेय, धर्मराज सिंह, गुड्डू उमरवैश्य, विनय सिंह, अखंड सिंह समेत लोग मौजूद रहे।

